तापमान

अधिकतम 31.9 डिग्री

न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

12 सीएम साय बोले- सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब बन रहे...



14 व्यवहार बदलने से हाथी रहवासी क्षेत्र में पहुंच रहे...



# तेज गर्जना और बारिश से लाइन ब्लास्ट, फिल्टर प्लांट ठप, पानी नहीं मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में रविवार शाम तेज गर्जन और बारिश के कारण जलगृह मार्ग में लाइन ब्लास्ट होने से नगर निगम के फिल्टर प्लांट में 4 घंटे बत्ती गुल रही। इससे शहर की पानी टंकियों का जलभराव प्रभावित रहा। फिल्टर प्लांट के अधिकारी का कहना है कि सोमवार को शहर के आउटर एरिया के 30 फीसदी एरिया में जल आपूर्ति बाधित रही। विद्युत सुधार के बाद पानी टंकियों को पूरी क्षमता के साथ भरने के बाद सोमवार शाम शहर में जल आपूर्ति सामान्य रही।

शहर में रविवार शाम तेज हवा के साथ गर्जना और बारिश के कारण कई इलाकों में विद्युत अवरोध से लोग परेशान रहे। सुंदरनगर, डगनिया, लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित अन्य इलाकों में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। वहीं नगर निगम के जलगृह मार्ग स्थित फिल्टर प्लांट का पास लाइन ब्लास्ट होने से फिल्टर प्लांट में 4 घंटे तक अंधेरा छाया रहा। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि रविवार रात फिल्टर प्लांट में विद्युत आपूर्ति ठप होने से शहर की पानी टंकियों को पूरी क्षमता के साथ भरा नहीं जा सका। इसीलिए सोमवार को सुबह के समय आउटर इलाके स्थित वार्डों के 30 फीसदी रहवासी इलाके में जल आपूर्ति प्रभावित रही। बाद में संबंधित पानी टंकियों को भरने के बाद प्रभावित इलाके में सोमवार शाम नियमित जल आपूर्ति उपलब्ध कराई गई है।

## तेज बारिश से एनीकट 42 इंच ओवरफ्लो, टर्बिडिटी 700 पीपीएम

पिछले कुछ दिनों से राजधानी सहित प्रदेशभर में तेज बारिश के बाद खारुन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। एनीकट इस समय 42 इंच ओवरफ्लो होकर बह रहा है। प्राकृतिक स्रोतों से भरपूर पानी आने से इसमें मटमैलापन 700 पीपीएम तक जा पहुंचा है। प्राकृतिक बहाव वाले इस रॉ वाटर में अशुद्धियों की मात्रा बहुत ज्यादा है, इसलिए इसके फिल्टरेशन के समय अब दो बार फिल्टर बेड की सफाई करनी पड़ रही है, क्योंकि फिल्टर बेड में मिट्टी जमा होने से पानी में मटमैलापन बढ़ गया है। ऐसे में इसे साफ करने में सामान्य दिनों की अपेक्षा 4 गुना ज्यादा एलम की खपत हो रही है।



### कहां कितने फिल्टर बेड

जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में 15 फिल्टर बेड लगाए गए हैं, जबकि पुराने 80 एमएलडी प्लांट में 8, नए 80 एमएलडी के प्लांट में 10 और पुराने प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित हैं। इस वजह तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इस दौरान भारी मात्रा में मिट्टी सहित जलीय अशुद्धि फिल्टर बेड में जमा होती है, जिसे समय-समय पर साफ करना बेहद जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### रिकवरी एजेंट के खिलाफ धमकी, उत्पीड़न की शिकायत, मामला दर्ज

रायपुर। तेलीबांधा थाना में आईसीआईसीआई बैंक के एक रिकवरी एजेंट के खिलाफ एक महिला ने धमकी देने, उत्पीड़न करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विशाल नगर निवासी नियति अरोरा ने बैंक के अज्ञात रिकवरी एजेंट के मोबाइल नंबर के आधार पर शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार, उसने क्रेडिट कार्ड से बैंक से 3.37 लाख रुपए लोन लिया था, जिसमें से वह 3.18 लाख रुपए जमा करा चुकी है। इसके बाद 4 सितंबर को 89 हजार रुपए जमा करने के बाद रिकवरी एजेंट और पैसों की मांग करते हुए उसकी निजी वित्तीय लेन-देन की जानकारी पब्लिक डोमेन में डालने के साथ उसके पारिवारिक सदस्यों तथा कार्यालय में छवि खराब करने की कोशिश की, ऐसा आरोप महिला ने लगाया है।

### 18 हजार का गांजा बरामद, आरोपी महिला को भेजा जेल

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने एक महिला को सार्वजनिक स्थान पर गांजा बेचते गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 18 हजार रुपए कीमत का 1.8 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने खुशी देवार को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।



### कार की ठोकर से घायल ऑटो चालक की मौत

रायपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व कलेक्टोरेट चौक के पास कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। ऑटो चालक की मौत के बाद पुलिस आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, 5 सितंबर को सुबह पौने आठ बजे कार सीजी-04, एलटी-6700 के चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए सैय्यद अब्बास खान की ऑटो को ठोकर मार दी। कार की टक्कर से ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया गया। उपचार के दौरान अब्बास की मौत हो गई।

### डेढ़ लाख रुपए का ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी

रायपुर। धरसींवा थाने में एक इंडस्ट्रीज के सुपरवाइजर ने अज्ञात चोर के खिलाफ ट्रांसफार्मर का विद्युत कनेक्शन काटकर तीन से चार सौ लीटर के करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत का ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चोरी की शिकायत कूंरा रोड स्थित इंद्रमनी मिनरल्स के सुपरवाइजर ललित यादव ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। ललित ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर कंपनी के अंदर लगे 500 केवी के ट्रांसफार्मर का कनेक्शन काटकर दो क्विंटल कॉपर क्वाइल तथा ऑयल चोरी कर ले गया।



बिना जांच के मरीज रेफर, इमरजेंसी में रोजाना पचास से ज्यादा मरीज पहुंच रहे

# छोटे स्वास्थ्य केंद्र भी बन गए रेफर सेंटर, बिना जांच किए भेजे जा रहे आंबेडकर अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छोटी-मोटी बीमारी और त्वरित इलाज के लिए खोले गए स्वास्थ्य केंद्र एमएलसी मामलों को बिना जांच के मरीजों को आंबेडकर अस्पताल भेजने में पीछे नहीं हैं। रेफरल पर्ची में कहीं मेल डाक्टर नहीं, तो कहीं महिला चिकित्सक नहीं होने का हवाला देकर मरीजों को टरकाया जा रहा है। इन स्वास्थ्य केंद्रों से रोजाना पचास से ज्यादा रेफर मामले आंबेडकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। सामान्य केस के साथ एमएलसी मामलों को भी जांच की सुविधा नहीं होने के नाम पर यहां भेजा जा रहा है।

आंबेडकर अस्पताल एम्स से आने वाले गंभीर केस के इलाज का दबाव अलग से झेल रहा है। इसके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल से भी मरीजों को रोजाना किसी ना किसी कारण से आंबेडकर अस्पताल का रास्ता दिखाया जा रहा है। इससे अस्पताल पर अनावश्यक दबाव बना हुआ है। छोटी-मोटी शारीरिक समस्या और थाना क्षेत्रों में होने वाले प्रकरणों की जांच की जिम्मेदारी विभिन्न क्षेत्रों में खोले गए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की है। इसके लिए वहां पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ की नियुक्ति की गई है। यहां सर्दी-खांसी, बुखार जैसे मामले में दवा देकर उपचार की जिम्मेदारी पूरी की जा रही है और थोड़े गंभीर प्रकरणों को बिना जांच के रेफरल पर्ची थमाई जा रही है। आंबेडकर अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस 1**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा में सिलयारी चौकी से दर्ज गुमुशदगी के मामले में मिली नाबालिग को कुछ महीने पहले जांच के लिए लाया गया। नाबालिग का शारीरिक परीक्षण करने के बजाए प्रकरण को आंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया गया। रेफरल पर्ची में तर्क दिया कि डाक्टरी जांच के लिए कोई महिला चिकित्सक नहीं है।

**केस 2**

टिकरापारा थाना क्षेत्र में शारीरिक शोषण के मामले में आरोपी बनाए गए किशोर को कुछ दिन पहले जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने मामला समझने के बाद साथ गई पुलिस को मेडिकल कालेज हास्पिटल जाने की पर्ची थमा दी। पर्ची में जिक्र किया गया कि युवक की जांच के लिए अस्पताल में उस दौरान कोई मेल डाक्टर ड्यूटी पर नहीं है।

**केस 3**

टिकरापारा थाना क्षेत्र में मेडिको लीगल मामले में सिर पर लगी चोट के इलाज और प्राथमिक जांच के लिए युवक को भाठागांव के हमर अस्पताल (शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) लाया गया। मरीज के जख्मों की जांच के बजाए वहां के स्टाफ द्वारा बीपी-शुगर नापकर उसे आंबेडकर अस्पताल भेज दिया गया और पर्ची में रेफर करने का कारण नहीं लिखा गया।







### एम्स की समस्या जस के तस





स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा आंबेडकर अस्पताल में एम्स के मरीज भी रेफर होकर नियमित रूप से आ रहे हैं। वहां के विभिन्न विभागों में बेड नहीं होने का हवाला देकर मरीजों को यहां भेजा जाता है। हालांकि एम्स प्रबंधन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि मरीजों को एम्स से तभी दूसरे अस्पताल भेजा जाता है जब उनकी स्थिति खतरे से बाहर हो जाता है मगर कई बार ऐसे मरीज भी आंबेडकर अस्पताल पहुंचते है जो ऑक्सीजन अथवा वेंटिलेटर पर होते है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों से भी मरीज यहां अच्छे इलाज की आस में भेजे जाते हैं।

## दिन में भी झमाझम मगर स्थिति खंडवर्षा की, आने वाले दिनों बढ़ेगी गतिविधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में राजधानी के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई, मगर कई क्षेत्रों में सूखे जैसी स्थिति बनी रही। आने वाले दिनों में प्रदेश में वर्षा की गतिविधि एक बार फिर बढ़ने की संभावना है। इधर पिछले चौबीस घंटे में लालपुर मौसम वेधशाला में 52 मिमी. बारिश हुई और माना में 12.6 मिमी. में आंकड़ा सिमटा रह गया।

■ पिछले चौबीस घंटे में लालपुर में 52 मिमी. बारिश दर्ज

वातावरण में मौजूद नमी के साथ हवा का दबाव बनने से शहर में खंड वर्षा जैसी स्थिति बनी हुई है। चलायमान बादल किसी एक इलाके में एकत्रित हो रहे और काफी देर तक बरस भी रहे हैं। रविवार शाम शहरी इलाके में बादल जमकर गरजे जो बिजली गिरने का डर पैदा करते रहे। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हुआ जो घंटेभर तक अपना असर दिखाता रहा। बारिश प्रभावित इलाकों में पानी भरने जैसी स्थिति बन गई, मगर माना सहित कई इलाकों में बरसात बूंदाबांदी तक ही सीमित रह गई। कुछ इसी तरह के हालात ▶▶| शेष पेज 13 पर

**अभी यह सिस्टम** मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी ओडिशा तट और उत्तर आंध्र प्रदेश के तट से दूर स्थित है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिण पूर्व पाकिस्तान, कच्छ, कोटा, उरई, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक मौजूद है। मंगलवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## दशहरा, दीपावली व क्रिसमस पर 8-8 दिन बंद रहेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार दशहरा, दीपावली की छुट्टियों सहित शीतकाल में भी छात्रों को लंबी छुट्टियां मिलने वाली है। इन तीनों ही मौकों पर 6-6 दिनों के अवकाश का प्रस्ताव भेजा गया है। चूंकि छुट्टियां प्रारंभ होने के पूर्व और अंत में रविवार है, इसलिए शिक्षकों सहित विद्यार्थियों को एकमुश्त 8-8 दिनों का अवकाश मिलेगा। हालांकि प्रस्ताव पर फिलहाल अंतिम मुहर नहीं लगी है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को इस संदर्भ में प्रस्ताव प्रेरित किया गया है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ अवकाश के लिए लोक शिक्षण संचालनालय ने शासन को भेजा प्रस्ताव

### ये हैं प्रस्तावित तिथियां

| | | |
|---|---|---|
| दशहरा | - | 29 सितंबर से 4 अक्टूबर |
| दीपावली | - | 20 से 2 अक्टूबर |
| शीतकालीन अवकाश | - | 22 से 27 दिसंबर |
| ग्रीष्मकालीन अवकाश | - | 1 मई से 15 जून |

## प्रतिबंधित टेबलेट बेचने वाले तीन को 15-15 साल कैद, डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व एनडीपीएस एक्ट मामले में कोर्ट ने तीन युवकों को 15-15 साल कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। तीनों को कोर्ट ने ट्रायल के दौरान दोष साबित होने पर सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई किरण थवाइत की स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट में हुई। पुलिस ने युवकों के कब्जे से 22 जून 2024 को 2736 टेबलेट जब्त किया था।

विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने अमन सोनकर उर्फ सन्नी, वीरेंद्र सोनी उर्फ तुतरू, गौतम सोनी उर्फ तरुण को कैद तथा जुर्माना की सजा सुनाई है। बचाव पक्ष के वकील ने तीनों को पुलिस द्वारा विद्वेश के कारण साजिश कर फंसाने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने इस संबंध में बचाव पक्ष के वकील को साक्ष्य पेश करने के लिए कहा, तो वे साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए। अभियोजन पक्ष के वकील के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एम्स अस्पताल गेट के पास ई-रिक्शा में नशीला टेबलेट ले जाते गिरफ्तार किया था।

**एक वर्ष पूर्व आमानाका थाना क्षेत्र की घटना**



■ पुलिस ने जब्त किया था 27 सौ से ज्यादा नशीला टेबलेट

### इस तरह का अपराध व्यक्ति, परिवार, समाज को प्रभावित करता है


तीनों आरोपियों को सजा सुनाते हुए कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इस तरह के अपराध न केवल व्यक्ति को, बल्कि परिवार, समाज व देश को भी प्रभावित करते हैं। प्रकरण में अभियुक्तगण के आधिपत्य से जप्त मादक पदार्थ की मात्रा तथा समस्त तथ्यों पर विचार करने के बाद तीनों को केवल कारावास से दंडित किए जाने पर न्याय के उद्देशों की पूर्ति होना प्रकट नहीं होता, अतः प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों को सजा सुनाई गई।

## 10वीं-12वीं के नियमित संग स्वाध्यायी छात्र आज से दे सकेंगे अर्जी, सही कोड चुनने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के उन छात्रों के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की है जो 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में निजी परीक्षार्थी के रूप में शामिल होना चाहते हैं। निजी, आवश्यक पुनरावृत्ति, कम्पार्टमेंट और प्रदर्शन में सुधार श्रेणियों के ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ विषयवार अंक संरचना भी जारी, इसके आधार पर ही होगा वार्षिक मूल्यांकन





### चार श्रेणियों में विभाजन

नोटिस में चार श्रेणियां तय की गई हैं। प्रथम श्रेणी व्यक्तिगत परीक्षार्थी की है। इसमें वे छात्र शामिल हैं, जो नियमित सीबीएसई स्कूलों में नामांकित नहीं हैं, लेकिन परीक्षा देना चाहते हैं। आवश्यक पुनर्परीक्षा में वे विद्यार्थी हैं, जो पिछली बार उत्तीर्ण नहीं हो सके और पूरी परीक्षा फिर से देंगे। कंपार्टमेंट श्रेणी में उन छात्रों को रखा गया है, जो एक ▶▶| शेष पेज 13 पर

**विद्यालयों को हेल्प डेस्क बनाने निर्देश** नोटिस में कक्षा 10 और 12 के सभी विषयों की विस्तृत सूची दी गई है। हर विषय में थ्योरी अंक, आंतरिक अथवा प्रैक्टिकल अंक, कुल अंक और न्यूनतम उत्तीर्ण अंक स्पष्ट रूप से बताए गए हैं। विद्यार्थियों को पंजीकरण करते समय सही कोड चुनने कहा गया है ताकि मूल्यांकन में एकरूपता बनी रहे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि विषय कोड, व्यक्तिगत विवरण और पात्रता श्रेणी भरते समय कोई त्रुटि न हो, वरना परिणाम प्रभावित हो सकता है। अंतिम तिथि की जानकारी बाद में दी जाएगी, हालांकि देर से आवेदन करने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। क्षेत्रीय केंद्रों, संबद्ध विद्यालयों और हेल्प डेस्क को विद्यार्थियों की मदद करने के निर्देश दिए गए हैं। बोर्ड का कहना है कि 10वीं और 12वीं दोनों के लिए एक साथ नोटिस जारी कर प्रक्रिया को सरल बनाने, आखिरी समय की परेशानी घटाने और विद्यार्थियों को परीक्षाओं के लिए पर्याप्त तैयारी का समय देने की कोशिश की गई है।

हर दिन 500 से हजार यात्रियों को मोबाइल यूटीएस मशीन से टिकट बनाकर दे रहे टीटीई

# रेलवे ने दी राहत, टीटीई यूटीएस मशीन से बन रहे टिकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में लंबी लाइन की समस्या से यात्रियों को अब राहत मिलने लगी है। रेलवे द्वारा हाल ही में पांच टीटीई को मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनकी मदद से अब लोकल व एक्सप्रेस के लिए जनरल टिकट काउंटर की भीड़ कम हो रही है और यात्रियों का समय भी बच रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में सामने आया कि सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक टिकट काउंटरों और एटीएम मशीनों में सबसे अधिक भीड़ रहती है। सोमवार को स्टेशन की जांच में देखा गया कि 6 टिकट काउंटरों में हर एक पर 8 से 9 लोग लाइन में थे। दो टिकट एटीएम मशीनों के सामने भी उतनी ही संख्या में यात्री मौजूद थे।

वहीं, काउंटर परिसर में तैनात टीटीई मोबाइल यूटीएस मशीन से यात्रियों को जनरल टिकट जारी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### काउंटरों की लाइन से घट गए हजार यात्री

मोबाइल यूटीएस टिकटिंग मशीनों की सुविधा शुरू होने के बाद रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटरों पर भीड़ में हजारों की कमी आई है। जानकारी के मुताबिक, रोजाना काउंटर से जहां पहले 3 हजार से अधिक यात्री जनरल टिकट खरीदते थे, अब इनमें से 500 से 1000 यात्रियों को टीटीई द्वारा सीधे मोबाइल मशीन के माध्यम से टिकट जारी किया जा रहा है। दैनिक यात्री समय बचाने के लिए अब काउंटर की बजाय सीधे टीटीई से संपर्क कर टिकट ले रहे हैं। इन मशीनों की खासियत यह है कि एक मिनट से भी कम समय में टिकट प्रिंट होकर मिल ▶▶| शेष पेज 13 पर

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी मशीनों की संख्या

नवरात्रि, दीपावली और छठ पूजा जैसे त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशन पर बढ़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए मंडल रेलवे प्रशासन ने मोबाइल टिकटिंग मशीनों की संख्या बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। रायपुर और दुर्ग स्टेशनों पर इस सुविधा को और बेहतर किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, त्योहारी सीजन में सारनाथ समेत लंबी दूरी की ट्रेनों के ▶▶| शेष पेज 13 पर

### अभी शुरुआत है

स्टेशन में 5 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग के माध्यम से टीटीई यात्रियों को कम समय में टिकट उपलब्ध करा रहे हैं। फिलहाल यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में मशीनों की संख्या बढ़ाई जाएगी और रायपुर एवं दुर्ग स्टेशन पर व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि हर यात्री को तीन मिनट के भीतर टिकट मिल सके। त्योहारी सीजन में भीड़ को देखते हुए विशेष इंतजाम किए जाएंगे, ताकि यात्रियों का समय बचाया जा सके।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# ये कैसी जांच, दोषी अफसरों के बयान लेने में ही उलझा विभाग, इसलिए कार्रवाई भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र के ग्रामों में चना बीज वितरण घोटाला के मामले में दोषी पाए गए दो कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह के खिलाफ सात महीने बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। इसका कारण जिला कृषि विभाग की जांच पड़ताल है, जो प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर दोबारा की जा रही है। घोटाला की प्रारंभिक जांच दिसंबर 2024 में हुई थी। इस तरह करीब आठ माह के बाद भी इस मामले में कार्रवाई नहीं हो पाई है। अफसर जांच और दोषी अधिकारियों के बयान लेने में ही उलझे हुए हैं। इधर जिला विभागीय अधिकारी का कहना है कि इस मामले में फंसे तीन कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान लिए जाने हैं, जिनमें से दो के लिए गए हैं, वहीं तीसरे का बयान लिया जाना है। यह बयान होते ही जांच पूरी हो जाएगी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

### 100 में 94.27 हेक्टेयर फसल चना बीज का हुआ है घोटाला

गोबरानवापारा तहसील क्षेत्र के ग्राम भुरका, तोरला, टीला, चंपारण सहित आसपास के गांव में कृषि विभाग की योजना के तहत 100 हेक्टेयर रकबा में प्रदर्शन के रूप में चना बीज की फसल लगाने के लिए 100 किसानों का चयन किया था। इन किसानों को यह चना बीज निःशुल्क बांटा जाना था, लेकिन क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारियों ने इसमें घोटाला करते हुए सिर्फ 5.73 हेक्टेयर रकबा में फसल लगाने के लिए चना बीज का वितरण किया, शेष 94.27 हेक्टेयर रकबा का चना बीज बाजार में बेचकर डकार गए।

चना बीज घोटाला मामले की प्रारंभिक जांच में दोषी पाए गए दो कृषि विस्तार अधिकारी


जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई के आसार

चना बीज घोटाले में अब विभागीय जांच, पहली रिपोर्ट में दो दोषी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोबरा नवापारा तहसील क्षेत्र के ग्रामों में चना बीज वितरण घोटाला मामले में दोषी पाए गए दो कृषि विस्तार अधिकारी मिथिलेश कुमार साहू एवं विनय कुमार सिंह के विरुद्ध अब विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। इस जांच में पूर्व में अभनपुर एसडीएम स्तर पर की गई। जांच में जो कमी पाई गई है, उसे लेकर विभाग जांच कर रहा है। यह जांच पूरी होते ही कार्रवाई की जाएगी। गोबरा नवापारा ▶▶ शेष पेज 15 पर

जांच रिपोर्ट की कमी दूर कर रहे

चना बीज घोटाले की पुरानी जांच रिपोर्ट में दोनों अधिकारी दोषी पाए गए हैं। इस रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होना तय है, लेकिन जांच रिपोर्ट में कुछ कमी है, जिसे दूर किया जा रहा है। - सतीश अवस्थी जिला कृषि अधिकारी

14 किसानों के बयान नहीं, जांच अधूरी बता लौटा दी चना घोटाले की फाइल

12 लाख का घोटाला

सामान्य सभा में मामला उठने के बाद भी जागा नहीं विभाग

### जांच समिति के भौतिक सत्यापन में मिले घोटाले के सबूत

अभनपुर एसडीएम ने इस मामले में शिकायत के आधार पर जांच समिति बनाकर किसानों की सूची एवं खसरा रकबा के आधार भौतिक सत्यापन कराया था, जिसमें महज 5.73 हेक्टेयर में ही चना बीज की फसल लगी पाई गई थी।

### जांच के बाद 6 माह तक तहसील-कृषि विभाग में दबी रही फाइल

इस मामले की जांच फाइल तीन माह तक पहले तहसील कार्यालय में दबी रही। इसके बाद मार्च में यह फाइल जिला कृषि विभाग भेजी गई। यहां भी करीब ढाई से तीन माह तक यह फाइल यहां डंप रही। इसके बाद जून में जिला पंचायत की सामान्य सभा में जब यह मामला उठा, तब जाकर इसकी विभागीय जांच शुरू हुई, लेकिन इसके बाद भी जांच को ढाई माह बीत चुका है, पर अभी तक दोषी अधिकारियों के ही बयान नहीं लिए गए हैं। इससे पता चलता है कि इस जांच को लेकर अधिकारी कितने सजग हैं।

### बयान होने के बाद प्रस्ताव प्रशासन को भेजेंगे

इस मामले में कार्रवाई होना तय है। जांच में जरूर समय लग रहा है। मामले में दो कृषि विस्तार अधिकारियों के बयान हो गए हैं, वहीं एक का बयान लिया जाना है। बयान होते ही रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए प्रस्ताव प्रशासन को भेजा जाएगा।

– सतीश अवस्थी
जिला कृषि अधिकारी रायपुर

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट आज, पहली बार शामिल होंगे 3 नए मंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। मंत्रालय में दोपहर 3.30 बजे आयोजित साय कैबिनेट की यह पहली बैठक होगी। बैठक में सभी 14 मंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बस्तर के बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए राहत और पुनर्वास पैकेज, आगामी त्योहारी सीजन में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, निवेश प्रोत्साहन से जुड़े प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है। किसानों को समर्थन मूल्य पर 2025-26 की नई धान उपार्जन नीति का मसौदा पेश किया जाएगा, इस पर कैबिनेट की मुहर लगने की संभावना है। पिछले दिनों मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था, इसमें तीन नए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव और राजेश अग्रवाल शामिल किए गए थे। ये कैबिनेट की बैठक में पहली बार शामिल होंगे।

### श्रीवास्तव औद्योगिक न्यायालय के अध्यक्ष बनाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक न्यायालय के अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति की गई है। हाईकोर्ट की



अनुसंशा पर राज्य शासन के विधि विधायी विभाग द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। वर्ष 2024 से यह पद रिक्त था। आदेश जारी होने के बाद उन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### राज्यपाल ने डॉ. हजारिका को अर्पित की पुष्पांजलि



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में सोमवार को प्रख्यात गायक, संगीतज्ञ एवं कवि, भारत रत्न स्व. डॉ. भूपेन हजारिका की शताब्दी जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजभवन में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने डॉ. हजारिका के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महान कलाकार को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# सीएम साय बोले– सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब बन रहे ऊर्जा दाता

### पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में राज्य सरकार की 1.85 करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब केवल ऊर्जा उत्पादक ही नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बन रहे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प को तीव्र गति से पूर्ण करने की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सौर ऊर्जा जागरूकता और प्रोत्साहन अभियान में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा के फायदों, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और इसके अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी के विषय में लोगों को जानकारी देने और जागरूक करने के उद्देश्य से सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 618 उपभोक्ताओं के खातों में प्रत्येक को 30 हजार रुपए की दर से कुल 1.85 करोड़ रुपए की राज्यांश सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा, जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता प्रदूषण हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है और छत्तीसगढ़ इस लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे समर्पण और क्षमता के साथ अपनी भूमिका निभा रहा है।



### एग्रीवोल्टाइक्स परफार्मर हैण्डबुक का भी विमोचन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष राजनांदगांव से आए कक्षा 12वीं के छात्र श्री प्रथम सोनी ने सौर ऊर्जा की विशेषताओं और शासन द्वारा इसे बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'इम्पैक्ट ऑफ डिस्ट्रीब्यूटेड रिन्यूएबल एनर्जी ऑन ग्रिड स्टेबिलिटी' तथा 'एग्रीवोल्टाइक्स परफार्मर हैण्डबुक' का भी विमोचन किया। इस अवसर पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में विशेष भूमिका निभाने वाले उत्कृष्ट वेंडरों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, क्रेडा के चेयरमैन भूपेंद्र सवन्नी, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, क्रेडा के सीईओ राजेश राणा, भारतीय सौर ऊर्जा महासंघ के अध्यक्ष सुमन कुमार, तीनों पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक सहित बड़ी संख्या में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता उपस्थित थे।

### केंद्र के साथ राज्य सरकार की भी सब्सिडी

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए हॉफ बिजली बिल से आगे बढ़ते हुए मुफ्त बिजली की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रदेशवासी इस योजना के महत्व को समझते हुए स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को सब्सिडी उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से आसान वित्तीय सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उपभोक्ताओं को पूर्ण रूप से मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत आज लाभार्थियों को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए गए हैं। इन योजनाओं से उपभोक्ता स्वयं सौर ऊर्जा का उत्पादन कर बिजली का विक्रय कर रहे हैं और साथ ही सस्ती बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।

# खड़गे का पीएम मोदी पर बयान राष्ट्रहित के विरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का दुश्मन बताने वाले बयान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल निंदनीय है, बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है। मुख्यमंत्री का कहना है, पीएम मोदी देश के दुश्मन नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आशाओं और आकांक्षाओं के संरक्षक हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, आज देश साक्षी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ भारतवासियों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का पूरा



जीवन देशवासियों की सेवा को समर्पित है। वे दिन-रात 140 करोड़ भारतीयों की चिंता करते हैं और उनके लिए नई योजनाएं, सुधार और कार्यक्रम लागू करते हैं। यही कारण है कि भारत ने वैश्विक मंच पर अभूतपूर्व मान-सम्मान अर्जित किया है। उन्होंने कहा, 2014 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने पूरे एक दशक तक शासन किया, लेकिन उस दौरान भारत की अर्थव्यवस्था लगातार ठहरी रही और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल दसवें स्थान पर था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है और आज पांचवें से भी आगे बढ़कर चौथे स्थान पर पहुंचा है।

### खड़गे देश से माफी मांगें

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, श्री खड़गे का यह बयान न केवल आधारहीन है, बल्कि राष्ट्र के गौरव को ठेस पहुंचाने वाला भी है। कांग्रेस के पास आज न तो कोई ठोस मुद्दा बचा है और न ही कोई दृष्टि। इसीलिए वे निराधार आरोपों और व्यक्तिगत आक्षेपों का सहारा लेकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं, लेकिन जनता पूरी तरह जागरूक है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति स्वयं इसका जवाब दे रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा खड़गे को अपने इस बयान के लिए पूरे देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, श्री मोदी का नेतृत्व आज भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

# पायलट के सामने अलग-अलग गुटों में बंटे नेता लगाएंगे शिकायतों की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के रायपुर में विधानसभा, लोकसभा और नगरीय निकाय चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ रही है। समय-समय पर वरिष्ठ नेताओं के बयान से कार्यकर्ताओं में हताशा और निराशा भी बढ़ रही है।



हाल ही में पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के बयान के बाद गुटबाजी को हवा मिली। वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के बयान के बाद कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान बढ़ गई है। ऐसे में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी 9 सितबर को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। माना जा रहा है कि उनका यह प्रवास काफी परेशानियों भरा हो सकता है। कांग्रेस में अलग-अलग गुटों में बंटे नेता शिकायतों की झड़ी लगाने वाले हैं। इसके लिए तैयारी भी तेज हो गई है। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पूर्व मंत्री चौबे के खिलाफ अनुशासनहीनता का प्रस्ताव पारित करने से गुटबाजी चरम पर आ गई थी। इस दौरान चौबे के समर्थन में एक-दो जिलाध्यक्षों ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। इसी बीच नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने चमचों को समझने की नसीहत भी दे दी थी। इससे दूसरे गुट के नेता नाराज हो गए। अभी तक किसी ने खुलकर बड़ा बयान नहीं दिया है, लेकिन माना जा रहा है कि प्रदेश प्रभारी पायलट के प्रवास के दौरान खुलकर अपनी बात रखेंगे। दूसरे गुट के कार्यकर्ताओं ने महंत के खिलाफ शिकायतों का पुलिंदा तैयार कर लिया है।

### पहले भी चले हैं जुबानी तीर

हाल के विवादित बयान से पहले भी कांग्रेस के भीतर और हो चुके हैं। नेता प्रतिपक्ष ने टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही थी। हालांकि इस मामले में उन्होंने अपनी सफाई भी दी थी। उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन पूर्व मंत्री चौबे के मामले में संगठन को सख्त होना पड़ा। संगठन का मानना है कि यदि अनुशासन का डंडा अभी नहीं चलाया गया, तो आगे परेशानी ओर बढ़ सकती है।



# वन मंत्री के निवास का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झूमाझटकी

### जब तक इस्तीफा नहीं होता आंदोलन रहेगा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंत्री केदार कश्यप के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बंगले का घेराव का प्रयास किया। गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन से सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली के रूप में मंत्री बंगले की ओर रवाना हुए। पुलिस ने उन्हें मोती बाग चौक के पास रोक लिया, जिसके कारण पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की स्थिति बनी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान मंत्री के इस्तीफे की जोरदार मांग करते हुए नारेबाजी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, मंत्री केदार कश्यप द्वारा कर्मचारी के साथ किया गया दुर्व्यवहार लोकतंत्र के अपमान का प्रतीक है। जनता और कर्मचारियों का अपमान करने वाले मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। हम उनके इस्तीफे की मांग पर अडिग हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। यदि भाजपा सरकार मंत्री केदार कश्यप का बचाव करती है, तो यह साफ है कि वह जनता के सम्मान के बजाय अपने मंत्री की कुर्सी की रक्षा में जुटी है। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस्तीफा नहीं होता।

### ये थे उपस्थित

इस अवसर पर उधो राम वर्मा, छाया वर्मा, प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा, अरुण जंघेल, प्रशांत ठेंगड़ी, दीपा बग्गा, देव कुमार साहू, माधव साहू, अनु साहू, अशोक ठाकुर, आकाश तिवारी, अरुण ताम्रकार, अमन गिल, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, अविनय दुबे, मुन्ना मिश्रा, मुन्ना सोनकर, सुनील ध्रुव, राधे नायक, प्रवीण चंद्राकर, माधव छुरा, प्रीति सोनी, पूनम यादव, कशिश चंद्राकर, मतलुब अली, देवदीवान कुर्रे, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्यों का भी बदलेगा चेहरा

### स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में भी बदलाव होगा। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरा भी बदल गया है। कार्यसमिति के सदस्यों के साथ ही स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव की संभावना है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ है। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। जानकारों के मुताबिक इसको लेकर मंथन हो चुका है। अब इसमें भी बदलाव किया जाएगा।



### बदले जाएंगे कई चेहरे

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन जहां सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगी। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं है। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। राजीव अग्रवाल, राकेश पांडेय, नीलू शर्मा, संदीप शर्मा, लोकेश कावड़िया, रामप्रताप सिंह, अनुराग सिंहदेव, श्रीनिवास मद्दी, चंद्रकांति वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक को निगम, मंडल, आयोग में पद मिल गए हैं। अब प्रदेश संगठन राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर तय करेगा कि इनको सदस्य के रूप में रखा जाए या इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाए। इसी के साथ जो पुराने सदस्य हैं, उनको लेकर भी राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर फैसला होगा। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे। इसी तरह से विशेष आमंत्रित सदस्यों में भी कुछ नाम ऐसे हैं जिनको दूसरे पद मिल चुके हैं। स्थाई सदस्यों में प्रदेश प्रभारी के रूप में ओम माथुर का नाम है, जबकि इस समय प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन हैं।

### डॉ. रमन की विशेष भेंटवार्ता का 12 को प्रसारण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की एक विशेष भेंटवार्ता की रिकॉर्डिंग सोमवार को आकाशवाणी केंद्र रायपुर में हुई। भेंटवार्ता में डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा की 25 वर्ष की गौरवमयी यात्रा, लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ता तथा विधानसभा की कार्यप्रणाली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए और प्रश्नों के उत्तर दिए।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक /202509116400002/अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 02/09/2025
ग्राम मुजगहन प.ह.नं. 82
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन कुमार साहू, पिता स्व. तुकाराम साहू, निवासी- ग्राम मुजगहन, तहसील- रायपुर, जिला- रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मुजगहन, प.ह.नं. 82, राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-18, तहसील रायपुर, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 22/1, 22/3 (शामिल खसरा नंबर 22/6), 22/5, 22/8, 22/11, 26/1,26/10 कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 3.7230 हे. भूमि आवेदक के पिता तुकाराम साहू पिता शिवराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के भूमिस्वामी एवं आवेदक के पिता तुकाराम साहू पिता शिवराम का निधन दिनांक 22.07.2025 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसानो में श्रीमति इन्द्रा बाई साहू (पत्नि), पवन कुमार साहू (पुत्र), छन्नु लाल साहू (पुत्र), लुकेश कुमार साहू (पुत्र), चितेश कुमार साहू (पुत्र), सोनम बाई (पुत्री), रूपा साहू (पुत्री) है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नही है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 16/09/2025 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर**

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 2921 दिनांक 24.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल. आई.जी. फ्लैट, 17/204 को श्रीमती प्रीति कान्हे पति श्री विक्रम कान्हे के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 12.12.2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती प्रीति कान्हे पति श्री विक्रम कान्हे, निवासीः- 24 / 318, कृष्णा कुंज, तात्यापारा, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्री लोचन मेहेर पिता श्री धनेश्वर मेहेर, निवासी : - 524, कदरपारा, गनौद, पोस्ट-गनोद, जिला - रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल. आई.जी. फ्लैट, 17/204 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## विक्रय इकरारनामा

**विक्रेताः-** श्रीमती सरिता सिह पति श्री मनीष कुमार सिंह, पता- गली नं. 4, सेक्टर 2, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. आधार नंबर 5358 2552 8005

**क्रेताः-** मथुरा सिन्हा पति संतोष सिन्हा, आधार नंबर 3158 1912 0751, पता- दुर्गा मंदिर गली, कुशालपुर, रायपुर छ.ग.

**विक्रयशुदा संपत्ति का विवरण**

यह कि विक्रेता के मालिकाना हक हित व स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि एवं उस पर निर्मित पक्का मकान जिसका नक्शा नगर पालिक निगम रायपुर से स्वीकृत है। उक्त मकान को विक्रय करने का सौदा किया जा रहा है। जो कि वाके मौजा - रायपुर खास, प.ह.नं. 106अ/46, वामन राव लाखे वार्ड क्र. 64, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है। उक्त भूमि/मकान का खसरा नंबर 1534/60 का भाग कुल रकबा 805 वर्गफुट है जिसमें भूतल पर 1 कमरा, 1 हाल, 1 किचन, 1 लेटबाथ, पोर्च निर्मित है एवं प्रथम तल पर 1 कमरा, 1 हाल, ओपन किचन, वाश एरिया, एवं लेटबाथ निर्मित एवं द्वितीय तल पर 2 कमरा एवं लेटबाथ निर्मित है उक्त मकान में बोर किया हुआ है एवं नल कनेक्शन है इसके अलावा 1 टी.वी. शो केस, 1 किचन चिमनी, माडुलर किचन, झुमर, एक पलंग सिंगल बेड, दो कवर्ड, उपर नीचे। उक्त मकान जिस स्थिति में है उसी स्थिती में विक्रय बाबत विक्रेता एवं क्रेता के मध्य निम्नांकित शर्तो के अधीन यह विक्रय इकरारनामा निष्पादित किया जा रहा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### शानदार झांकी निकालकर गणेश प्रतिमा की विसर्जित

**आरंग।** अटल विहार कालोनी आरंग में हर्ष और उल्लास के बीच गणेश उत्सव का समापन गणपति बप्पा के विसर्जन के साथ किया गया। श्रद्धालु परिवार जन कीर्तन और जयकारों के साथ कालोनी के श्री गणेश प्रतिमाओं को एक ही रथ और पालकी में भव्य रूप से सजाकर कालोनी भ्रमण कराते हुए तालाब में विसर्जित किया। महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग सभी बड़ी आस्था और उत्साह से भगवान गणेश की विदाई में शामिल हुए। भक्तों ने कहां कि बप्पा अगले बरस जल्दी आएं और सबके जीवन में सुख शांति और समृद्धि प्रदान करें। भक्तों की आस्था एवं एकता को देखते हुएं कालोनी के अध्यक्ष संजय चन्द्राकर एवं समस्त कालोनी निवासी हर्ष व्यक्त किए।

### सहकारी समिति मोहदा में कृषक रजत संवाद हुआ



**तरपोंगी।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहदा में कृषक रजत संवाद शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि व संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस शिविर में उपस्थित उद्यान अधिकारी मिथलेश जोशी, पशु चिकित्सा विभाग से डॉ लोक प्रकाश वर्मा व समिति प्रबंधक सुरेंद्र बघेल ने अपने अपने विभागों से संबंधित जानकारी कृषकों के साथ साझा किया। संवाद शिविर में प्रगतिशील कृषक बृजमोहन देवांगन, समिति अध्यक्ष डॉ शोभित वर्मा ने कृषकों से अपने अनुभव साझा किए।उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कोसम साहू ने कृषकों को बताया कि इस शिविर का उद्देश्य कृषकों से संवाद स्थापित करना है जिससे किसान नए कृषि तकनीक से अवगत हो और कम लागत व कम समय में अपने फसलोत्पादन में वृद्धि कर सके। इसके अतिरिक्त साहू के द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी।

### पेन व श्रीफल देकर शिक्षकों का कन्या शाला में सम्मान

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिर हसौद के शाला प्रांगण में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शिक्षकों को डायरी पेन, श्रीफल आदि से सम्मानित किया गया। उन्होने कहा कि गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है।

# डीआरएम ने अतिक्रमण नहीं हटाने पर इंजीनियरिंग विभाग को लगाई फटकार

## विकास कार्यों में बाधित 22 दुकानों को निर्देश के बाद भी नहीं हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

रेलवे के डीआरएम दयानंद स्पेशल सेलून से रेलवे के सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारियों के साथ तिल्दा नेवरा रेलवे स्टेशन पहुंचे और जायजा लिया, उन्होंने विकास कार्य में बाधा बने लगभग 22 दुकानों को अभी तक नहीं तोड़े जाने पर इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा की अगली बार जब मैं तिल्दा आऊं तो यह दुकाने यहां पर नहीं दिखनी चाहिए, उन्होंने इंजीनियरिंग विभाग को जमकर लताड़ा। वहीं उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया, साथ ही स्टेशन के सामने कछुए की चाल से निर्माण कार्य किया जा रहा है बिल्डिंग का कार्य यहां काफी धीमी गति से किया जा रहा है जिस पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की, साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी व ठेकेदार को कहा कि यदि यही हाल रहा तो हर सोमवार मुझे यहां आकर देखना पड़ेगा। उन्होंने घटिया निर्माण पर भी नाराजगी व्यक्त की, बता दें तिल्दा रेलवे स्टेशन में अमृत भारत योजना अंतर्गत स्टेशन का विकास कार्य होना है जो की इतने वर्षों बीत जाने के बाद भी 25% काम नहीं हो पाया है , साथ ही स्टेशन के सामने बिल्डिंग का काम कर रहे ठेकेदार द्वारा काफी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है जिसके लिए भी डीआरएम ने काफी नाराजगी व्यक्त की है, वहीं ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितताएं निर्माण कार्य में बरती जा रही है जिसकी भी शिकायत की गई ।



### जल्द होगा काम

डीआरएम दयानंद ने कहा कि विकास कार्य में तिल्दा रेलवे स्टेशन काफी पीछे है। जल्द ही इसको गति प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर रेलवे जोनल सलाहकार समिति के सदस्य दीपक शर्मा, तिल्दा रेल्वे सलाहकार समिति के सदस्य दिलीप वर्मा, तिल्दा स्टेशन मास्टर सुमन झा, तिल्दा आरपीएफ के प्रभारी पातीराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समस्या : 20 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे, छात्रावास तक जाने के लिए रास्ता नहीं

# मुरूम खदान में बना दिया शासकीय छात्रावास, बच्चों की जान पर खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

प्रदेश मुख्यालय से मात्र 15 किलोमीटर दूर स्थित मंदिर हसौद क्षेत्र में वर्षों से चल रहे मुरूम के अवैध खनन का असर अब सरकारी प्रोजेक्ट्स पर भी दिखने लगा है। इसका ताजा उदाहरण आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा बनाया गया प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास है, जिसका निर्माण एक मुरूम खदान में किया गया है।

1.52 करोड़ रुपये की लागत से बना यह छात्रावास भवन मंदिर हसौद नगर पालिका के गांधीग्राम नकटा में स्थित है। यह भवन सड़क से 8 से 10 फीट नीचे एक मुरूम खदान पर ही बना दिया गया है।

**जान का खतरा :** छात्रावास के चारों ओर मुरूम खनन से बनी गहरी खदानें हैं, जिनमें पानी भरा रहता है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है।






### बच्चों के लिए खतरा और परेशानियां

*वर्तमान में यह भवन शासकीय प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास के रूप में संचालित हो रहा है, जहां छठी से नौवीं कक्षा तक के 20 बच्चे रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। इन बच्चों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पगडंडी रास्ता छात्रावास तक जाने के लिए कोई सही रास्ता नहीं है, छात्रों को 8-10 फीट नीचे पगडंडी रास्ते से होकर जाना पड़ता है।*

### स्कूल तक पहुँचने की समस्या

*छात्रावास से स्कूल की दूरी 3 किलोमीटर से अधिक है। छात्रावास प्रभारी लखनलाल बघेल अपनी निजी व्यवस्था से बच्चों को स्कूल ले जाते और लाते हैं।*

### सांप-बिच्छू का डर

*खुले स्थान और खदानों के कारण आए दिन यहाँ साँप और बिच्छू निकलते रहते हैं। छात्रावास प्रभारी लखनलाल बघेल ने बताया कि यहाँ पढ़ने वाले बच्चे आसपास और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों के हैं, जिनके माता-पिता मजदूरी करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र नकटा और मंदिर हसौद के स्कूलों में पढ़ाई करने जाते हैं।*

# सीईओ ने किया कुकरा के केनाल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर कुमार विश्वरंजन ग्राम पंचायत कुकरा के केनाल मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टूटे हुए केनाल की मरम्मत हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी सिंचाई विभाग को निर्देशित किया। तत्पश्चात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीवा का निरीक्षण कर स्कूल प्राचार्य से पूर्व में जारी परीक्षा परिणाम, समय सारिणी, उपलब्ध शिक्षकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा प्राचार्य द्वारा विषय इतिहास एवं नागरिक शास्त्र के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर द्वारा स्मार्ट क्लास रूम में सी.जी. बोर्ड के दीक्षा ऐप के माध्यम से पढ़ाई कराने की बात कहा तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों से बच्चों के अध्ययन अध्यापन में सेवा लेने निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा के स्तर में सुधार लाने हेतु निर्देशित किए गए। तत्पश्चात ग्राम रीवा में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र में प्रगतिरत भवन जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्तापूर्वक कराए जाने हेतु संबंधित अभियंता एवं प्रभारी अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को निर्देशित किए। इस अवसर पर अभिषेक बनर्जी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग, कृष्णा महेश साहू जनपद सदस्य, घसिया राम सरपंच ग्राम पंचायत रीवा, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नेवरा में चाकूबाजी के दो फरार आरोपी गिरफ्तार




**तिल्दा नेवरा।** सतीश यादव का बडा भाई मुकेश यादव और उसका दोस्त दिनेश साहू घर के सामने बैठकर बातचीत कर रहे थे तभी रात्रि करीब 08:30 बजे पोई उर्फ चन्द्रकांत साहू, धनुष निषाद एवं उसके अन्य साथीगण रोड में मोटर सायकल खडी है हटा नही रहे हो, रोड जाम किये हो बोलकर मुकेश यादव, दिनेश साहू से गाली गलौज कर रहे थे जिन्हें मना करने पर तुम लोगो को आज जान सहित खतम कर देंगें की धमकी देते हुये हत्या करने की नियत से मुकेश यादव एवं दिनेश साहू को धारदार चाकू से मारपीट कर गंभीर चोट पहुँचाये जिससे मुकेश यादव के पेट एवं भुजा में तथा दिनेश साहू के सिर में चोट लगी है, उक्त घटना की रिपोर्ट प्रार्थी के द्वारा नेवरा थाना में दर्ज कराने पर अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था जो उपरोक्त दोनो आरोपीगण घटना के बाद से फरार थे जिन्हें विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकडा गया तथा गिरफ्तार कर धारा 296, 351(3),109, 3(5), बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत रिमांड हेतु न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस ने आज सोमवार सुबह बताया कि आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक दोपहिया वाहन को भी जप्त किया गया है।

# मढ़ी के ग्रामीणों ने शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ खोला मोर्चा

**सिलयारी।** समीपस्थ ग्राम मढ़ी में धड़ल्ले से बिक रहे अवैध शराब के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। गांव में बिकने वाली अवैध शराब के विरोध में ग्रामीण एकजुट होकर नशामुक्ति के लिए मुहिम छेड़ दिया है। रविवार को ग्रामीण पूरे गांव में घूमकर उन स्थानों से अवैध शराब पकड़ी है जहां अवैध शराब बिक रही थी। फिर छुड़ाई गई शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने कहा कि, अवैध शराब बिक्री से गांव के बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। गांव की शांति भंग हो रही है। घर के सदस्यों को शराब की लत लग रही है। जिससे गांव में लडाई-झगड़ा आम बात हो गई है। बता दें कि, गांव की महिलाएं भी लगातार शराब की अवैध ब्रिकी का विरोध कर रही है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीणों की माने तो आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई और धरपकड़ जारी रहेगी। गांव में अवैध शराब ब्रिकी पर प्रतिबंध लगाने उचित कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, उपसरपंच राकेश साहू, शेखर पाल, संदीप साहू, नरेन्द्र साहू, संतू यादव, मुकेश साहू, अशोक साहू, प्रदीप साहू, महेश धीवर, कुलेश्वर पैकरा, उमेश साहू, रूपेन्द्र मंडावी, दिनेश साहू, फग्गू साहू, हेमंत पाल, नोकेश साहू, टापलाल साहू, मनोज पाल, सुखबीर पाल सहित सभी पंच व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**हर सप्ताह की जाएगी कार्रवाई:** सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप पाठक ने बताया कि पंचायत में हुई बैठक के बाद शराब बेचने वालों को समझाइश दी गई है। अब हर सप्ताह इस प्रकार की कार्रवाई पंचायत और ग्रामीणों द्वारा की जाएगी। फिर भी नहीं मानते हैं तो आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रहने हेतु महिला कमांडो के गठन पर भी विचार चल रहा है।

**शराब बिक्री की शिकायत करें :** ग्रामसभा अध्यक्ष शेखर पाल ने बताया कि ग्राम सभा का बैठक किया गया था। जिसमें अवैध शराब बेचने की जानकारी मिली। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कोचियों के घरों में जाकर समझाइश दी। इस दौरान अवैध शराब भी जब्त किया गया।

# नाबालिग की हत्या के आरोप में दो युवक और एक अपचारी गिरफ्तार

हरिभूम न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

- बालक से अप्राकृतिक कृत्य को छुपाने के लिए हत्या की




कोटा में हत्या की घटना को अंजाम देने वाले 02 आरोपी एवं 01 विधि के साथ संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। ग्राम कोटा निवासी प्रार्थी ने थाना पहुंचकर बताया कि 26 अगस्त को उसका नाबालिग पुत्र रात्रि 8 बजे गणेश पण्डाल देखने जा रहा हूं बोलकर घर से गया है जो घर वापस नही आया है, जिस पर थाने में प्रार्थी की सूचना पर गुमइंसान दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। इसी दौरान 6 सितंबर ओको प्रार्थी के पुत्र का शव ग्राम कोटा स्थित बड़े तालाब के पास संदेहास्पद स्थिति तथा प्रभम दृष्ट्या में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करना प्रतीत होने पर थाना में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 137(2), 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ-साथ अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को विजय धीरज के साथ मृत प्रार्थी के पुत्र को अंतीम बार गणेश पंडाल के पास जाते देखे जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विजय धीरज की पतासाजी कर पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी कुलदीप बंजारे तथा विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक के साथ मिलकर उक्त प्रार्थी के पुत्र की हत्या की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपी कुलदीप बंजारे तथा विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक की पतासाजी कर पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी विजय धीरज द्वारा प्रार्थी के पुत्र के साथ अनाचार करना एवं उसके पुत्र द्वारा लोगों को बताने के डर से अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या करना बताया गया। जिस पर आरोपियों विजय धीरज कुमार पिता बिरझू राम धीरज 24 वर्ष, कुलदीप बंजारे पिता जगतारण बंजारे 23 वर्ष ग्राम कोटा निवासी एवं विधि से संघर्षरत बालक तीनों को पकड़कर उनके खिलाफ धारा 140(4), 61(2)(क) बी.एन.एस. तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत कार्यवाही किया गया है।

## पेज 11 के शेष...

### छोटे स्वास्थ्य केंद्र भी...

विभाग के सूत्रों के मुताबिक इन स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल से रोजाना पचास से ज्यादा केस रेफर होकर यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों की जांच और आवश्यक इलाज की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, मगर उनकी रेफरल पर्ची में ऐसे कारण लिखे होते हैं, जो गैर जिम्मेदाराना प्रतीत होते हैं।

### दिन में भी झमाझम...

सोमवार को दोपहर में बने और एक बार शहर का बड़ा हिस्सा घंटेभर पानी गिरने से सराबोर हो गया, मगर इसका प्रभाव शहर के पांच से सात किमी के दायरे में ही सिमटा रह गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार की शाम लालपुर मौसम वेधशाला में 35 मिमी. और सोमवार को दोपहर 17 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। अनुमान है, कुछ दिन छिटपुट वर्षा की गतिविधि रहने के बाद 13 सितंबर से बारिश का क्षेत्र और मात्रा में बढ़ोतरी होगी।

### 10वीं-12वीं के नियमित...

लिए पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू होने वाली है। व्यक्तिगत परीक्षार्थी आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही सीबीएसई ने विषयवार स्कीम भी जारी की है, जिसमें थ्योरी और प्रैक्टिकल अंकों का बंटवारा, कुल अंक और न्यूनतम उत्तीर्ण मानक (33%) का स्पष्ट उल्लेख है। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के लिए अलग-अलग लेकिन समान नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे सभी स्ट्रीम्स के विद्यार्थियों को साफ जानकारी मिल सके। यह कदम उन हजारों विद्यार्थियों के लिए राहतभरा होगा जो दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं, अंक सुधारना चाहते हैं या अधूरी परीक्षा पूरी करना चाहते हैं।

### चार श्रेणियों में...

या दो विषयों में असफल हुए हैं और केवल वही विषय दोबारा देना चाहते हैं। सुधार श्रेणी में वे छात्र हैं, जो पास हो चुके हैं लेकिन अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस व्यवस्था से हर प्रकार की जरूरत वाले विद्यार्थी चाहे बैकलॉग हो या ग्रेडिंग सुधारने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी, आवेदन कर सकते हैं।

### दशहरा, दीपावली व क्रिसमस...

इसे मंजूरी मिलने के बाद अवकाश संबंधित अधिसूचना जारी होगी। प्रस्ताव में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी एक मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां प्रस्तावित हैं। दूसरी ओर, विद्यालयों में तिमाही परीक्षा का आयोजित सितंबर माह में किया जाना है। अवकाश की तिथियां निर्धारित नहीं होने के कारण समय-सारिणी को विद्यालय अंतिम स्वरूप नहीं दे पा रहे हैं।

### रेलवे ने दी...

करते नजर आए। एक घंटे में औसतन 60 से अधिक यात्रियों को मोबाइल मशीन से टिकट उपलब्ध कराया जा रहा है। भीड़ अधिक होने पर टीटीई सीधे कतार में लगे यात्रियों के पास जाकर भी टिकट बना रहे हैं। इससे न सिर्फ टिकट काउंटर का दबाव कम हुआ है, बल्कि यात्रियों को राहत भी मिल रही है। सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि रेलवे का लक्ष्य यात्रियों को तीन मिनट के भीतर टिकट उपलब्ध कराना है। आने वाले समय में इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

### काउंटरों की लाइन से...

जाता है। दोपहर और शाम के समय टिकट खरीदने के लिए अब यात्रियों के पास तीन विकल्प मौजूद हैं काउंटर, टिकट एटीएम और मोबाइल मशीन। पहले जहां टिकट के लिए लाइन में लगने पर 15 से 20 मिनट लगते थे, अब यह समय घटकर 5 से 8 मिनट रह गया है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी...

टिकट खरीदने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, भविष्य में स्टेशन परिसर के पार्किंग क्षेत्र में भी टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को टिकट के लिए स्टेशन में लाइन लगना न पड़े।

# एलुमिनी कार्यक्रम पूर्व छात्रों ने अनुभव किया सांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

## पार्षद निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा



नगर के हृदय स्थल पर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला/पूर्व ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25वें वर्षगांठ अवसर पर रजत जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र/छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीकमचंद राठी एवं संतोष अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू शामिल हुए।

इस अवसर पर टीकमचंद राठी ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से पुरानी यादें ताजा होती हैं और यह सिलसिला आगे भी जारी रहना चाहिए। पूर्व छात्र ललित शर्मा ने भी अपने स्कूल के दिनों को याद कर भावुक पलों को साझा किया। विशिष्ट अतिथि बीईओ धनेश्वरी साहू ने कहा कि यह शासन की सराहनीय पहल है, जिससे पूर्व छात्रों को अपने विद्यालय से पुनः जुडऩे का अवसर मिल रहा है। उन्होंने सभी से शाला विकास के लिए सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में नगरपालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने भी पूर्व छात्र की तरह बैच में बैठकर अपने अनुभव साझा किए। शाला विकास हेतु टीकमचंद राठी एवं संतोष अग्रवाल ने 11-11 हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। लक्ष्मी शर्मा व उनके परिवार ने वॉटर प्यूरीफायर देने की घोषणा की, वहीं पार्षद नीलकमल गिलहरे ने पार्षद निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व छात्र-छात्रा शिव शर्मा, खिलेश्वरी साहू, पुष्पराज चक्रधारी, किशोर गिरेपुंजे, ओमप्रकाश शर्मा, रानी गुलाटी, प्रशान कुमार, शुक्ल, प्रकाश कुमार, इमरान खान, गौतम नवरंगे, डॉ गणेशी लाल शर्मा, दिनेश गिरेपुंजे, कपूर भारती, जितेन्द्र सिन्हा, डोमेश सिंह, प्रमोद सिन्हा, ललित शर्मा, भूपेन्द्र पटेल, हेमंत अग्रवाल, चन्द्रशेखर, मिथलेश,फिरोज खान, राहुल राठी, डोली शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, दीपक गिलहरे, गायत्री, देविका विश्वकर्मा, वरूण राठी, गिरीश शर्मा, डालचंद गुप्ता,मलकीत गुलाटी,ऋति पाण्डेय, खुशवंत सिन्हा, शशि ठक्कर, मनीष जैन सहित विद्यालय स्टॉफ व एसएमसी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मै एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार भूपेश कुमार गेडारे पिता प्रेमलाल गेडारे ने भूमि स्वामी सुन्दर लाल डहरीया पिता इतवारी डहरीया निवासी ग्राम जोता के स्वामित्व एवं हक कि कृषि भूमि ग्राम जोता प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. तरपोंगी खसरा नं. 115/1 एवं 115/3 रकबा क्रमशः 0.2590 एवं 0.0320 हे. कुल खसरा 2 कुल रकबा 0.2910 हे. को उनसे क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि उक्त सौदे में से रूपये 5,00,000 अक्षरी पाँच लाख रूपये विक्रेता को प्रदान किया जा चुका है। मात्र रजिस्ट्री की कार्यवाही बाकी है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था द्वारा उक्त खसरे कि संबंध मे किसी प्रकार से क्रय विक्रय संबंधी कि गई संव्यवहार मेरे पक्षकार के द्वारा कि गई सौदे के समक्ष झुठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा शून्य करणीय होगा। सो सूचित होवे।

स्थानः- तिल्दा नेवरा
दिनांकः- 02/09/2025 भवदीय
**जी.डी. मानिकपुरी (अधिवक्ता)**
**शिक्षक कॉलोनी तिल्दा बजरंग वार्ड 18 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.न. 8349618613**

# 25 सालों में पहली बार... बीएड में छात्रों का टोटा, डीएलएड के लिए अर्जियों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य निर्माण के बाद पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है, जब प्रदेश के बीएड महाविद्यालयों को छात्र नहीं मिल रहे हैं। इसके उलट डीएलएड पाठ्यक्रमों में आवेदनों की बाढ़ आ गई है। अब तक बीएड पाठ्यक्रम छात्रों की पहली पसंद होते थे, जबकि डीएलएड पाठ्यक्रमों की सीटें भरने अंतिम चरण तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी।

प्रदेश में बीएड पाठ्यक्रम की 14 हजार 550 सीटें हैं, जबकि डीएलएड की 6 हजार 610 सीटें हैं। इसके लिए 29 अगस्त से 4 सितंबर तक आवेदन मांगे गए थे। बीएड के निए 24 हजार 400 छात्रों ने ही पंजीयन कराया है। जबकि अन्य वर्षों में यह संख्या 40 हजार के पार होती थी। डीएलएड के लिए एससीईआरटी को 62 हजार आवेदन मिले हैं, जबकि इसकी प्रदेश में मात्र 6 हजार 610 सीटें ही हैं।

इसी तरह बीएबीएड और बीएससीबीएड के लिए 900 के लगभग छात्रों ने ही पंजीयन कराया गया। प्रदेश में इसकी 250 सीटें हैं। शिक्षा महाविद्यालय संचालकों के अनुसार, पंजीयन संख्या को देखते हुए इस वर्ष बीएड की सीटें पूर्ण रूप से भरना जटिल प्रतित हो रहा है। प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए केवल डीएलएड उपाधिधारकों को पात्र किए जाने का असर आवेदन संख्या पर दिख रहा है।

## आज जारी होगी प्रथम सूची, दावा आपत्ति कल तक

### नवंबर तक चलेगी प्रक्रिया

बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग एससीईआरटी द्वारा की जा रही है। दो चरणों में सीट आवंटन तय किया गया है। प्रथम चरण के लिए आवेदन मंगाए जाने के बाद प्रथम सूची 9 सितंबर को जारी होगी। जारी सूची पर अभ्यर्थी 10 सितंबर तक दावा आपत्ति कर सकेंगे। इसके पश्चात 11 सितंबर को फाइनल सूची जारी की जाएगी। छात्रों को प्रवेश के लिए 15 सितंबर तक का समय मिलेगा। प्रथम चरण की काउंसिलिंग में भी तीन चरण होंगे। दूसरे चरण की सूची 18 सितंबर तथा तीसरे चरण की सूची 25 सितंबर को जारी होगी। छात्रों के प्रवेश पश्चात रिक्त सीटों की जानकारी 30 सितंबर को अपलोड की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण के लिए पंजीयन 1 से 5 अक्टूबर तक चलेगा।द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में दो चरण ही होंगे। यह प्रक्रिया 7 नवंबर तक चलेगी।



### नवीन पदों का सृजन नहीं

शिक्षकों के नए पद सृजित नहीं होने, युक्तियुक्तकरण तथा डीएलएड पात्रता के संदर्भ में कोर्ट के आदेश का असर बीएड आवेदन पर दिखा है। युवा नौकरी की गारंटी वाले पाठ्यक्रम में ही दाखिला चाहते हैं।

- **राजीव गुप्ता,** *संयोजक, शिक्षा महाविद्यालय संघ*

# पेट्रोल के लिए हेलमेट जरूरी पर कई पंपों में सुविधाओं की कमी

## नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं, इसकी भी जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पेट्रोल पंपों में हेलमेट को लेकर सख्ती बरती जा रही है। पंपों में बिना हेलमेट पहने पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। इस सख्ती को पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने जन जागरूकता का नाम दिया है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि पेट्रोल पंपों के संचालक क्या स्वयं कंपनियों के बनाए नियमों का पालन कर रहे हैं, क्या ग्राहकों को फ्री पेजयल, फ्री हवा एवं फ्री शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। ये सभी सुविधा नियम से पेट्रोल पंप खोलने की शर्तों में शामिल हैं। हरिभूमि ने सोमवार को शहर में संचालित कई पेट्रोल पंपों में ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कहीं फ्री हवा तो कहीं शौचालय की असुविधा देखने को मिली।

***पेट्रोल पंपों में नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच तक नहीं हो रही :*** पेट्रोल पंपों में कंपनियों के बनाए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच हो रही है या नहीं, यह बड़ा सवाल बना हुआ है, क्योंकि पेट्रोलियम कंपनियों को अब फ्री होल्ड कर दिया गया है। इस नए नियम के तहत राज्य सरकार एवं प्रशासन से पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है। अभी तक पेट्रोल खोलने के लिए पेट्रोल कंपनी के साथ जिला प्रशासन के खाद्य विभाग से भी लाइसेंस लेना पड़ता था। इसके तहत विभाग पेट्रोल पंपों पर निगरानी भी रखता था, लेकिन नए नियम के तहत अब खाद्य विभाग ना ही लाइसेंस दे रहा है और ना ही पेट्रोल पंपों पर निगरानी रखी जा रही है।

**केस 1**

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के पास स्थित पेट्रोल पंप में फ्री हवा की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन यह बंद रहा। यहां के अन्य कर्मचारी ने बताया कि हवा भरने वाला कर्मचारी अवकाश पर है।




**केस 2**

राजेंद्रनगर अरिहंत काम्पलेक्स के बगल में संचालित पेट्रोल पंप में रेनोवेशन का काम चल रहा है। इस कारण यहां भी फ्री हवा पाइंट बंद मिला। यहां के एक कर्मचारी ने बताया कि पेट्रोल पंप में कई साल से एक ही शौचालय है, जिसके कारण पुरुष और महिला कर्मचारी सहित ग्राहकों को इस शौचालय का उपयोग करने में दिक्कत हो रही थी। रेनोवेशन में अब दोनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जा रहे हैं।

### एनओसी अवधि समाप्त होने की जांच भी नहीं

जिले में ऐसे कई पेट्रोल पंप हैं, जो सालों पहले खुले हैं। इन पेट्रोल पंपों के संचालकों ने लाइसेंस लेने के साथ फायर विभाग एवं यातायात विभाग से भी एनओसी लिया था। सूत्र के अनुसार यह एनओसी 3 साल से लेकर 10 साल तक के लिए दी जाती है। इनमें से अब कितने पेट्रोल पंप की एनओसी समाप्त हो चुकी है, कितनों ने दोबारा एनओसी नहीं लिया है, इसकी भी जांच नहीं की गई है।

### सुरक्षा मानकों का पालन नहीं

पेट्रोल डिपो की स्थापना के लिए स्थल चयन में सख्त सुरक्षा मानकों का पालन किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत 250-300 मीटर की सुरक्षा दूरी के साथ डिपो को किसी भी आवासीय या भीड़ वाले क्षेत्रों से दूर रखा जाना है। ऐसा इसलिए ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना से मानवीय जीवन और संपत्ति पर असर न पड़े, लेकिन शहर में ऐसे कई पेट्रोल पंप हैं, जिन्हें खोलने में इस नियम का पालन नहीं हुआ है।

### नियमों के पालन की जांच पेट्रोलियम कंपनियां करेंगी

पेट्रोल पंपों में नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच अब पेट्रोलियम कंपनी ही करेगी। पहले खाद्य विभाग लाइसेंस जारी करता था, साथ ही निगरानी भी रखता था। अब विभाग लाइसेंस जारी नहीं करता, इसलिए शिकायतों की जांच, समस्या का निराकरण भी कंपनी ही करेगी।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** *जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# अवैध संबंध की आशंका कुल्हाड़ी मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/चंदखुरी


आरोपी



विधानसभा थाना क्षेत्र के पचेड़ा में अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति को सिर तथा गले पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया है। घटना सोमवार रात नौ बजे के करीब की है। मृतक गांव का उप सरपंच बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम जांच कर रही है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हेमलाल मिर्चे की हत्या के आरोप में पवन कुमार मराठे को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पवन को हेमलाल के साथ अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने की आशंका थी। इस बात को लेकर पूर्व में दोनों के बीच विवाद हुआ था। घटना दिनांक को दोनों के बीच अवैध संबंध को लेकर पुनः विवाद हुआ। इस दौरान पवन ने गुस्से में आकर कुल्हाड़ी से हेमलाल पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के वार से हेमलाल की मौके पर ही मौत हो गई।

- विस थाना क्षेत्र की घटना, मृतक के उप सरपंच होने की बात सामने आ रही

### झांकी की सुरक्षा व्यवस्था में लगी थी पुलिस

हत्या की जब वारदात हुई, तब पुलिस की टीम गणेश प्रतिमा विसर्जन की झांकी की सुरक्षा व्यवस्था में जुटी हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर थाने में उपस्थित स्टाफ ने घटना की जानकारी पुलिस अफसरों को दी। अफसरों के निर्देश पर मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ विवेचक को रवाना किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। तनाव को देखते हुए पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लेकर पहुंची, तब मामला शांत हुआ। हत्या की वजह अवैध संबंध था या फिर कोई और कारण, पुलिस इस बात की जांच कर रही है।

## एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स के नतीजे घोषित

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स द्वितीय सेमेस्टर के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए हैं। 20 छात्र इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से 90 प्रतिशत अर्थात 18 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इसके अतिरिक्त सेंटर फॉर बेसिक साइंस तृतीय सेमेस्टर एटीकेटी सहित छठवें और आठवें सेमेस्टर के परिणाम भी रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर में सैकड़ों ने लिया भाग

**रायपुर।** ईद मिलादुन्नबी के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी सीटीबी फाउंडेशन तथा जयदीप ब्लड रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ईदगाहभाठा स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन में लगाया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया। शिविर स्थल पर ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समाज सहित अन्य समुदायों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 73 यूनिट रक्तदान किया। संस्था ओर से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीटीबी फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य अजहरुद्दीन भिनसरा, जाफर खोखर, रफीक भाटी, साजिद भिनसरा, फयाज चौहान, हाजी रफीक चौहान आदि की विशेष भूमिका रही।

### भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती 15 को

**रायपुर।** संयुक्त अभियंता आयोजन समिति द्वारा 15 सितंबर को महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम स्थानीय सक्रिट हाऊस के समीप विश्वेश्वरैया चौक सिविल लाइंस में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन शाम 6 बजे बैठक सिविल लाइंस स्थित जल संसाधन विभाग परिसर में होगी। यह जानकारी समिति के प्रभारी इंजी. पीके खरे ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर राज्य स्तर पर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इंजीनियर ऑफ द ईयर-2025 का सम्मान प्रेक्टिसिंग इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आमंत्रित प्रविष्टियों को निर्धारित समिति द्वारा चयनित कर प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए आवेदन प्रविष्टि इंजी. योगेश शर्मा, लवकुश विहार, चौबे कॉलोनी को 11 सितंबर तक भेज सकते हैं।

## निधन

### कैलाश चंद पारख



**रायपुर।** एमआर कालोनी निवासी कैलाश चंद पारख का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे इंदरचंद, प्रकाशचंद के भाई, अक्षय व अजय के पिता थे।

### सुधीर चंदेल



**रायपुर।** लिली चौक पुरानी बस्ती निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर मनसुखलाल चंदेल का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के छोटे भाई, खिलेंद्र चंदेल के बड़े भाई तथा कृतिका, यूथिका और तन्मय चंदेल के पिता थे। उनके निधन पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित परिवार, मित्र, समाज के नागरिकों ने श्रद्धांजलि दी।

### रंजन दयाल



**रायपुर।** आनंद नगर निवासी छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य रंजन दयाल (80) का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे स्व. सरोज दयाल के पति और संदीप दयाल एवं सोनिया ठाकुर के पिता तथा स्मिता दयाल के ससुर थे।

# सेमेस्टर आवेदन प्रारंभ, नहीं बदल सकेंगे परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर सत्र के लिए इग्नू सत्रांत परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। ऑनलाइन दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट exam.ignou.ac.in. के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। दिसंबर सत्र की टर्म-एंड परीक्षाएं 1 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा पेन और पेपर के साथ-साथ कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, दिसंबर, 2025 की टर्म-एंड-परीक्षा के लिए पात्र छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म (टीईई, प्रोजेक्ट सबमिशन और प्रैक्टिकल परीक्षा) जमा करने के लिए ऑनलाइन लिंक पहले से ही खुला है। इग्नू टीईई दिसंबर 2025 के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने का लिंक 6 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के सक्रिय है। जो अभ्यर्थी समय सीमा से चूक जाते हैं, वे भी 1,100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 अक्टूबर तक अपने परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरते समय छात्रों को परीक्षा का तरीका, पाठ्यक्रम और परीक्षा केंद्र चुनना होगा।

- 6 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के कर सकते हैं आवेदन

### समर्थ पोर्टल के माध्यम से होंगे आवेदन

प्रायोगिक या प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों में शामिल होने के लिए पंजीकृत छात्रों को परीक्षा स्थल और कार्यक्रम के लिए अपने क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क करना होगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरने के मद्देनजर, परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार चुने गए पाठ्यक्रमों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के बाद नहीं बदला जाएगा। जिन छात्रों ने इग्नू के छात्र पोर्टल पर पहले ही पंजीकरण करा लिया है, उन्हें परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए सिर्फ लॉग इन करना होगा। वहीं, जिन छात्रों ने अभी तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें पहले 'नया पंजीकरण' पर क्लिक करके पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

# गाली-गलौज का आरोप लगाकर चाकू मारने वाले को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को कोर्ट ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 12 गवाहों को पेश किया गया। गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक आकाश अगाशे के अनुसार केतन साहू पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में महेश रात्रे को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार घटना सात मार्च 2024 की है। घटना दिनांक को केतन अपने दो दोस्तों के साथ दोपहिया पर सवार होकर भनपुरी मार्केट से घर लौट रहा था। रात पौने 11 बजे रामेश्वर नगर के पास महेश ने केतन का रास्ता रोक कर उसके साथ गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए विवाद किया। विवाद के दौरान महेश ने जेब से चाकू निकालकर केतन पर हमला किया। बीच बचाव करने केतन का दोस्त मुवनेश्वर साहू पहुंचा, तो महेश ने उस पर भी चाकू से हमला किया। जेल जाने पर महेश ने गुटबाजी के कारण वहां भी चाकू चलाया था, जिसके कारण केतन को जगदलपुर जेल शिफ्ट करना पड़ा।

- एक वर्ष पूर्व खमतराई थाना क्षेत्र की घटना

# त्योहारी सीजन शुरू होते ही विमानों में बढ़ी यात्रियों की संख्या, किराए पर दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन की शुरुआत का हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर भी असर होने लगा है। विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है, जिसका असर फ्लाइट फेयर पर नजर आने लगा है। पिछले 15 दिन में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से 91 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है, जिसमें गणेशोत्सव की शुरुआत होने के साथ यात्रियों की भीड़ बढ़ी है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अभी पितृपक्ष में यात्रा करने वालों की संख्या में थोड़ी कमी आएगी, इसके बाद नवरात्रि शुरू होते ही पुनः यात्रियों की संख्या में इजाफा हो जाएगा। खासकर कोलकाता जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाएगी, क्योंकि उस अवधि के लिए अभी से टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है और फेयर 12-13 हजार तक पहुंच गया है। दूसरी ओर गणेशोत्सव के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ यात्रियों की संख्या 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे बड़े शहरों की उड़ान भरने वाली फ्लाइट लगभग फुल होकर चल रही है। इसका अनुमान विमानतल प्रबंधन द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से लगाया जा सकता है। रायपुर से 25 से 31 अगस्त के बीच कुल 45 हजार 400 यात्रियों ने आवाजाही की थी। वहीं 1 से 7 सितंबर के बीच यात्रियों की संख्या 45793 तक पहुंची, जल्दी ही संख्या 50 हजार के पार होने की संभावना है।

- पितृपक्ष में थोड़ी कमी, दुर्गा पूजा प्रारंभ होते ही सफर के लिए लौटेंगे यात्री



### विभिन्न शहरों का किराया

रायपुर से दिल्ली 9 हजार से 13 हजार लगभग
रायपुर से मुंबई 7500 से 13 हजार लगभग
रायपुर से कोलकाता 10 से 11 हजार लगभग
रायपुर से बेंगलुरु 7500 से 8500 लगभग

### यात्रियों के साथ किराया बढ़ना स्वाभाविक

ट्रैवल्स एसोसिशन फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष रमन जादवानी के मुताबिक विमानों का किराया फ्लेक्सिबल पॉलिसी के निर्धारित होता है। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ किराया बढ़ना स्वाभाविक है। पहले से बुकिंग टिकट पर इसका असर नहीं होता, मगर चौबीस घंटे पहले बुकिंग के लिए ज्यादा किराया देना पड़ता है। आने वाले दिनों इसका असर सामान्य रूप से दिखने लगेगा।

# जयस्तंभ चौक किनारे बनाया मंच आयुक्त ने लिया जायजा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में सोमवार की रात्रि निकाली गई गणेश मूर्ति विसर्जन झांकियों का महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित एमआईसी सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। नगर निगम द्वारा जयस्तंभ चौक किनारे और शहीद वीर नारायण सिंह प्रतिमा के पास मंच बनाया गया। मंच से झांकियों का स्वागत करने एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष और पार्षद मौजूद रहे।

नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी गणेश मूर्ति विसर्जन की चलित झांकियों का स्वागत करने मंच बनाया गया। निगम आयुक्त विश्वदीप ने विसर्जन चलित झांकी रूट की प्रशासनिक तैयारियों की स्थल पर जाकर जानकारी ली। अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 4 कमिश्नर अरूण ध्रुव, उप अभियंता हिमांशु चंद्राकर इस मौके पर उपस्थित रहे।

- निगम आयुक्त ने प्रशासनिक तैयारियों की ली जानकारी



## पेज 11 के शेष ...

### छोटे स्वास्थ्य केंद्र भी...

विभाग के सूत्रों के मुताबिक इन स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल से रोजाना पचास से ज्यादा केस रेफर होकर यहां पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों की जांच और आवश्यक इलाज की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, मगर उनकी रेफरल पर्ची में ऐसे कारण लिखे होते हैं, जो गैर जिम्मेदाराना प्रतीत होते हैं।

### दिन में भी झमाझम...

सोमवार को दोपहर में बने और एक बार शहर का बड़ा हिस्सा घंटेभर पानी गिरने से सराबोर हो गया, मगर इसका प्रभाव शहर के पांच से सात किमी के दायरे में ही सिमटा रह गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार की शाम लालपुर मौसम वेधशाला में 35 मिमी. और सोमवार को दोपहर 17 मिमी. वर्षा दर्ज की गई। अनुमान है, कुछ दिन छिटपुट वर्षा की गतिविधि रहने के बाद 13 सितंबर से बारिश का क्षेत्र और मात्रा में बढ़ोतरी होगी।

### 10वीं-12वीं के नियमित...

लिए पंजीकरण प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू होने वाली है। व्यक्तिगत परीक्षार्थी आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही सीबीएसई ने विषयवार स्कीम भी जारी की है, जिसमें थ्योरी और प्रैक्टिकल अंकों का बंटवारा, कुल अंक और न्यूनतम उत्तीर्ण मानक (33%) का स्पष्ट उल्लेख है। 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के लिए अलग-अलग लेकिन समान नोटिस जारी किए गए हैं, जिससे सभी स्ट्रीम्स के विद्यार्थियों को साफ जानकारी मिल सके। यह कदम उन हजारों विद्यार्थियों के लिए राहतभरा होगा जो दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं, अंक सुधारना चाहते हैं या अधूरी परीक्षा पूरी करना चाहते हैं।

### चार श्रेणियों में...

या दो विषयों में असफल हुए हैं और केवल वही विषय दोबारा देना चाहते हैं। सुधार श्रेणी में वे छात्र हैं, जो पास हो चुके हैं लेकिन अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इस व्यवस्था से हर प्रकार की जरूरत वाले विद्यार्थी चाहे बैकलॉग हो या ग्रेडिंग सुधारने की इच्छा रखने वाले विद्यार्थी, आवेदन कर सकते हैं।

### दशहरा, दीपावली व क्रिसमस...

इसे मंजूरी मिलने के बाद अवकाश संबंधित अधिसूचना जारी होगी। प्रस्ताव में ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भी उल्लेख किया गया है। इसमें किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी एक मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टियां प्रस्तावित हैं। दूसरी ओर, विद्यालयों में तिमाही परीक्षा का आयोजित सितंबर माह में किया जाना है। अवकाश की तिथियां निर्धारित नहीं होने के कारण समय-सारिणी को विद्यालय अंतिम स्वरूप नहीं दे पा रहे हैं।

### रेलवे ने दी...

करते नजर आए। एक घंटे में औसतन 60 से अधिक यात्रियों को मोबाइल मशीन से टिकट उपलब्ध कराया जा रहा है। भीड़ अधिक होने पर टीटीई सीधे कतार में लगे यात्रियों के पास जाकर भी टिकट बना रहे हैं। इससे न सिर्फ टिकट काउंटर का दबाव कम हुआ है, बल्कि यात्रियों को राहत भी मिल रही है। सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिवेदी ने बताया कि रेलवे का लक्ष्य यात्रियों को तीन मिनट के भीतर टिकट उपलब्ध कराना है। आने वाले समय में इस सेवा को और बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

### काउंटरों की लाइन से...

जाता है। दोपहर और शाम के समय टिकट खरीदने के लिए अब यात्रियों के पास तीन विकल्प मौजूद हैं काउंटर, टिकट एटीएम और मोबाइल मशीन। पहले जहां टिकट के लिए लाइन में लगने पर 15 से 20 मिनट लगते थे, अब यह समय घटकर 5 से 8 मिनट रह गया है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ेगी...

टिकट खरीदने वाले यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, भविष्य में स्टेशन परिसर के पार्किंग क्षेत्र में भी टिकटिंग सुविधा उपलब्ध कराने की योजना पर काम किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को टिकट के लिए स्टेशन में लाइन लगना न पड़े।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन 5 अक्टूबर को, विस अध्यक्ष को दिया न्योता

**रायपुर।** मछुवारा समाज द्वारा बुढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की और विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। समाज के लोगों ने बताया कि मछुवारा समाज प्रदेश में तीसरे स्थान पर है तो राजनीति में भी हमें जनसंख्या के आधार पर भी राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा, आयोग, मण्डल, बोर्ड में स्थान चाहिए, यह प्रमुख मांग रहेगी। कार्यक्रम में पूरे भारत से समाज के विधायक, सांसद, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय स्तर पर जनप्रतिनिधि शामिल होंगे, जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यह कार्यक्रम गायत्री गायग्वाल की अध्यक्षता में होगा। मुलाकात करने वालों राष्ट्रीय मछुवारा संघ अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल, झुमुकलाल निषाद, विजय लांजे, शिव भोई, दीपक धीवर, मनहरण धीवर, आनंद निषाद, जितेंद्र फेकर, पुष्कर कहार, जितेंद्र निषाद, हेमंत धीवर, इत्यादि उपस्थित रहे।

### आकांक्षा स्कूल के 21 शिक्षकों का किया सम्मान



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा अवंति विहार स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल आकांक्षा में सोमवार को 21 शिक्षकों का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही दिव्यांग बच्चों को स्वल्पाहार कराया गया। आकांक्षा स्कूल की एचओडी शिला पिल्ले एवं सिम्मी श्रीवास्तव ने आकांक्षा स्कूल की स्थापना से आज तक की पूरी जानकारी दी एवं संस्था के सदस्यों का अभिवादन किया। इस कार्यक्रम में दिलीप ईशानी, सुनील अजवानी, शंकरलाल दानवानी, अजीत मोटवानी, हरीश आजवानी, रितुराज पेशवानी, मनोहर छुगानी, नानक लालवानी, नरेश लालवानी, अनिल हेमानी आदि शामिल थे।

# बंदी तारीख खत्म होने की शाम तक नहीं लौटा तो माना जाएगा फरार...होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज रायपुर

छत्तीसगढ़ की जेलों में बंद सजायाफ्ता कैदियों को सालभर में 42 दिन छुट्टी देने का नियम बनाया गया है। खास बात ये है कि छुट्टी लेकर जाने वाला बंदी अगर नियत तारीख की शाम तक खुद नहीं लौटा, तो उसे फरार माना जाएगा। यही नहीं, बंदी के खिलाफ पुलिस में एफआईआर भी करवाई जाएगी।

इस तरह फरार हुए बंदी के जमानतदार के खिलाफ भी थाने में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार के जेल विभाग ने बंदी छुट्टी नियम 1989 में बदलाव कर नया नियम बनाया है। सजायाफ्ता बंदी को साल में अधिकतम 42 दिन की छुट्टी की पात्रता होगी। यह छुट्टी चार माह के अंतराल में 14-14 दिनों के लिए होगी।

## जमानतदार के खिलाफ भी दर्ज होगा केस, जेल विभाग ने बनाया बंदी छुट्टी का नया नियम

### छुट्टी पर जाने की ये होंगी शर्तें

छुट्टी के दौरान बंदी केवल उन्हीं जगहों पर जा सकेगा, जिसका उल्लेख उसने अपने आवेदन में किया हो। अन्य किसी स्थान पर नहीं। छुट्टी के दौरान बंदी न तो किसी प्रकार का अपराध करेगा, न ही कोई ऐसा काम करेगा जिससे लोकहित प्रभावित हो। बंदी छुट्टी मंजूर किए गए स्थान में पंहुचने की सूचना ग्राम के सरपंच, कोटवार या शहर में वार्ड पार्षद को देगा। और छुट्टी के दौरान रोज उनके समक्ष अपनी हाजरी भी देगा। अगर बंदी ने यह नहीं किया तो सरपंच, कोटवार, पार्षद तत्काल इसकी सूचना क्षेत्र के पुलिस थाने को देंगे।




### शर्त नहीं मानी तो होगी गिरफ्तारी

नियम में यह बात शामिल है कि यदि कोई बंदी अपनी वापसी के लिए तय तारीख की शाम तक स्वयं उपस्थित नहीं होता है तो वह जेल से फरार बंदी समझा जाएगा। उसके विरुद्ध जेल के अधिकार क्षेत्र वाले पुलिस स्टेशन एफआईआर करवाई जाएगी। संबंधित थानेदार बंदी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश करेंगे। इस तरह फरार माने गए बंदी के जमानतदार के खिलाफ भी थाने में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। यही नहीं जमानतदार द्वारा दी गई जमानत जब्त करने की कार्रवाई कर उसकी संपत्ति कुर्क करने की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ये बंदी नहीं होंगे छुट्टी के पात्र

बंदी, जो उनकी सजा भुगतने के दौरान जेल अपराध में, चेतावनी के दंड दंडित किए गए हैं और ऐसा दंड छुट्टी के उसका आवेदन करने के दिनांक से एक वर्ष से पूर्व उस पर अधिरोपित किया गया हो। ऐसा बंदी जो उसे पूर्व में दी गई छुट्टी के दौरान फरार हो जाने के कारण किसी भी सजा से दंडित किया गया हो, तो ऐसा बंदी अपनी सजा की शेष अवधि के दौरान सामान्य छुट्टी का पात्र नहीं होगा। ऐसा बंदी जिसका किसी आपराधिक प्रकरण, जिसमें किसी भी प्रकार की फरारी के मामले शामिल है, अभियोजित किया जा रहा है और उस मामले में प्रतिभूति पर उसके निर्मुक्त हो जाने के बावजूद किसी न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हो। ऐसा बंदी जिसके विरुद्ध विचारणार्थ कोई अन्य मामला लंबित हो।

## आसानी से चारा पानी मिलने से क्षेत्र बदल रहे हाथी


# व्यवहार बदलने से हाथी रहवासी क्षेत्र में पहुंच रहे, राज्य में 350 से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज रायपुर

राज्य में हाथियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जंगल में जगह कम होने तथा पानी, चारा की तलाश में हाथियों के व्यवहार में बदलाव आने लगा है। इसके कारण हाथी वनों से निकलकर रहवास क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। विभागीय अफसरों के अनुसार राज्य के अलग-अलग वनमंडलों में वर्तमान में साढ़े तीन सौ से ज्यादा हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकना विभागीय अधिकारियों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

- बालोद में हाथी दल का प्रवेश, सतर्क रहने 19 गांव में मुनादी

पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय के अनुसार हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने कार्योजना बनाई जा रही है। इसके लिए वनक्षेत्र में हाथियों को पर्याप्त चारा मिल सके, ऐसे फलदार वृक्ष लगाने के साथ पानी की व्यवस्था की जाएगी। जंगल में चारा तथा पानी की व्यवस्था होने से हाथी लंबे समय तक एक ही जगह जमे रहेंगे। अफसर के अनुसार मॉनिटरिंग में सुधार होने की वजह से जनहानि पहले की तुलना में कम हुई है। हाथियों की आमद से फसलों का नुकसान होने पर किसानों को त्वरित क्षतिपूर्ति राशि देने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने निर्देश दिए हैं। बालोद में एक हाथी दल पहुंचा है। हाथियों के रहवासी क्षेत्र में प्रवेश करने की वजह से 19 गांव के लोगों को सतर्क रहने मुनादी कराई गई है।



### दल में 12 से ज्यादा हाथी शामिल रहते हैं

वन्यजीव के जानकारों के अनुसार हाथी सामाजिक वन्यजीव है, इस वजह से हाथी कहीं भी मूव करते हैं, तो परिवार के साथ चलते हैं। हाथी परिवार में 12 से ज्यादा हाथी शामिल रहते हैं। संख्या 50 के पार भी हो सकती है। इस वजह से हाथी जिस क्षेत्र में घुसते हैं, वहां खेतों की खड़ी फसलों का ज्यादा नुकसान होता है।

### राज्या में साढ़े तीन सौ से ज्यादा

राज्य में साढ़े तीन सौ से ज्यादा हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकने कार्ययोजना बनाई जा रही है। हाथियों के लिए जंगल में चारा तथा पानी की व्यवस्था की जाएगी। इससे हाथी वनक्षेत्र में लंबे समय तक रुके रहेंगे। मॉनिटरिंग टीम की सतर्कता की वजह से जनहानि पहले की तुलना में कम हो रही है।

\- **अरुण कुमार पाण्डेय**, पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ

### आसानी से चारा मिलने से आकर्षित हो रहे

*हाथी मामले के जानकार के अनुसार जंगल से सटे गांव में धान के साथ साग-सब्जी की खेती की जाती है। धान की अधपका फसल हाथियों का पसंदीदा चारा है। इस वजह से हाथी जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। रहवासी क्षेत्र में आसानी से चारा उपलब्ध होने की वजह से वहां हाथी दल बार-बार प्रवेश करते हैं।*

### 50 से ज्यादा हाथियों का पड़ोसी राज्य में डेरा

*हाथियों के दो से तीन दल पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के कान्हा तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में विचरण कर रहे हैं। गढ़चिरौली में जो हाथियों का दल लंबे अरसे से डेरा जमाए हुए है, इसकी वजह गढ़चिरौली में गांव नहीं होने के साथ ही हाथियों को वहां पर्याप्त पानी तथा चारा मिल रहा है। इस वजह से हाथियों के दल ने गढ़चिरौली में स्थायी तौर पर डेरा जमा लिया है।*

### लगातार प्रवेश करते हैं

*हाथी दल एक बार किसी रहवासी क्षेत्र में प्रवेश करता है, उसके बाद वही दल उस क्षेत्र में दोबारा प्रवेश करता है। ऐसे में हाथियों को रहवासी क्षेत्र में आने से रोकना एक बड़ी चुनौती है। हाथी वैसे भी किसी एक स्थान पर स्थायी तौर पर नहीं रुकते, हाथी लगातार मूव करते रहते हैं।*

### जंगल में जगह की कमी से मूव कर रहे

हाथी मामलों के जानकार अमलेंन्द्रु मिश्रा के अनुसार हाथियों की संख्या जैसे-जैसे राज्य में बढ़ रही है, वनक्षेत्र उस लिहाज से कम है। इस वजह से हाथियों के लिए जंगल में चारा के साथ पानी की कमी हो रही है। पानी तथा चारा की कमी के कारण हाथियों के व्यवहार में परिवर्तन हो रहा है। व्यवहार में बदलाव आने की वजह से हाथी जंगल से निकलकर रहवासी क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। वर्तमान में हाथियों की सर्वाधिक संख्या रायगढ़, कोरबा तथा सरगुजा में है।


## कृमिमुक्त दिवस को हड़ताल का बड़ा झटका, 15 और 19 को खिलाई जाने वाली दवा कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि न्यूज रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कृमिमुक्त दिवस अभियान को बड़ा झटका लगा है। राज्य में 15 सितंबर को दी जाने वाली खुराक और 19 सितंबर के मॉपअप राउंड को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इसकी वजह एनएचएम के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कहे जाने वाले मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का हड़ताल पर होना है।

- एनएचएम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हड़ताल पर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा कृमिनाशक दवा खिलाने के लिए स्कूलों के अलावा विभिन्न स्थानों पर शिविर भी लगाया जाता है। इसके लिए जिला प्रशासन की भी मदद ली जाती है। छह माह में एक बार आयोजित होने वाले इस अभियान का आयोजन 15 सितंबर और मॉपअप राउंड 19 सितंबर को पूरा किया जाना था। जिसे स्थगित करने का आदेश दो दिन पहले जारी किया गया है। दावा किया जा रहा है कि इस अभियान को स्थगित करने की वजह एनएचएम के अलावा गांव और शहरी इलाकों में स्वास्थ सेवाओं को संचालित करने में अहम भूमिका निभाने वाले मितानिन और आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हड़ताल में



### अमानक दवा नयी पुरानी

कल एल्बेंडाजोल की जो दवा अमानक पाई गयी है वह नया स्टॉक अथवा पुराना। जानकार लोगों का दावा है कि रिपोर्ट जिस दवाओं की आई है उसका उपयोग पिछली बार चलाए गए अभियान में किया जा चुका है। उस दौरान इस दवा में उल्लेखित फार्मूले की मात्रा कम होने की वजह से इसके असरहीन होने की शिकायत सामने आई थी। सीजीएमएससी ने अमानक रिपोर्ट के आधार पर संबंधित सप्लायर कंपनी को नोटिस जारी किया गया है।

### कुकरा में टूटी कैनाल नहर को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश

**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन ने सोमवार को आरंग विकासखंड के विभिन्न शासकीय कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कुकरा में टूटी कैनाल नहर की तत्काल मरम्मत किए जाने सिंचाई विभाग और अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। सीईओ ने ग्राम रीवा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट क्लासरूम में 'दीक्षा ऐप' के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों से शैक्षणिक सहयोग का आग्रह करने को भी कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम रीवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी दौरा किया और भवन जीर्णोद्धार कार्य की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने संबंधित अभियंता और प्रभारी अधिकारी को कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत आरंग के सीईओ अभिषेक बनर्जी, जनपद सदस्य कृष्णा महेश साहू सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### डीआरएम पहुंचे हथबंद यात्रियों ने छग एक्सप्रेस का ठहराव देने जताया आभार



**रायपुर।** मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने दाधापारा से रायपुर के मध्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जब वह हथबंद स्टेशन पर उतरे, तो दैनिक यात्रियों ने छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के ठहराव के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और तिलक लगाकर अभिनंदन किया। दैनिक यात्रियों ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली लगभग 52 ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है, इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के बिल्हा रेलवे स्टेशन पर बिलासपुर नागपुर इंटरसिटी, सारनाथ, शालीमार एवं शिवनाथ एक्सप्रेस को ठहराव दिया गया है। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का ठहराव हथबंद में दिया गया है। एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव देवबलोदा चरौदा में दिया गया है।

## बिजनेस साइट

## शिवनाथ हुंडई को मिला 'डीलर ऑफ द ईयर' का अवार्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल डीलरशिप शिवनाथ हुंडई को वैश्विक स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। वर्ष 2025 के 'डीलर ऑफ द ईयर' अवार्ड से नवाजी गई यह डीलरशिप अब हुंडई की ग्लोबल टॉप-100 डीलर्स में शामिल हो गई है। यह सम्मान वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित प्लेटिनम क्लब डीलर मीटिंग में प्रदान किया गया। हुंडई मोटर्स के शीर्ष अधिकारियों उन सू किम (एमडी), तरुण गर्ग (सीओओ) और जेटी पार्क (ईडी) ने यह पुरस्कार शिवनाथ हुंडई के डायरेक्टर रोहित काले को सौंपा। इस अवसर पर उनके सुपुत्र कौस्तुभ काले व सुपुत्री कनक काले भी मौजूद रहे। श्री काले ने इस सम्मान को ग्राहकों, कर्मचारियों और सहयोगियों की मेहनत व विश्वास का परिणाम बताया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष शिवनाथ हुंडई अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है।



### ज्ञान गंगा में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

**रायपुर।** ज्ञान गंगा विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भारत के महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात प्रार्थना सभा और शाला सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर, वाइस प्रिंसिपल संजय चौहान, सीपी परिमल और एलडी उपाध्याय की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शिक्षकों को तिलक लगाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मनोरंजक प्रतियोगिताओं में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन, एकल एवं समूह नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। विजयी शिक्षकों को प्राचार्या द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सजला सरकार ने किया। अंत में हेड गर्ल लावन्या सिंह बिसेन ने सभी का आभार व्यक्त किया। हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### कल्याण पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल में 31 शिक्षकों का सम्मान

**रायपुर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर कल्याण पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन पर विद्यालय में विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच आत्मीय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब प्रेरणा से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रिपुदमन सिंह पुसरी रहे। साथ ही स्कूल संचालक राजेश सक्सेना, लायंस क्लब ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ. सुनील गोल्हानी, वार्ड पार्षद पुष्पा साहू, मुकेश सक्सेना, बृजेश सक्सेना एवं जेएस ठाकुर मंच पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शीला गुजर ने की। इस अवसर पर 31 शिक्षकों को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में भावना श्रीवास्तव, किरण विश्वकर्मा, कामिनी साहू, सविता महाजन, गीता साहू समेत अन्य शिक्षक शामिल हैं।



### रायपुर में विश्व अंगदान दिवस पर जागरूकता अभियान



**रायपुर।** विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर आईएलएस हॉस्पिटल्स द्वारा 'मोर रायपुर मोर जीवनदान' अभियान के अंतर्गत मरीन ड्राइव में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में 400 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंगदान के महत्व को समझाना और लोगों को इसके लिए प्रेरित करना था। मुख्य अतिथि एआईजी संजय शर्मा ने अंगदान को जीवनदायी बताते हुए लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मरीन ड्राइव से कटोरा तालाब तक वॉकथॉन भी निकाला गया, जिसमें 'मोर रायपुर मोर जीवनदान' के नारे गूंजे। आईएलएस हॉस्पिटल्स के सीओओ डॉ. सौरभ चौरड़िया ने कहा, अंगदान महादान है और इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस अभियान में डॉक्टर, छात्र, व्यापारी, वरिष्ठ नागरिक समेत शहरवासियों की बड़ी भागीदारी रही। यह कार्यक्रम पूरी तरह सफल रहा।

### निशुल्क 'औरा' व कुण्डली परीक्षण हेतु जागरूकता अभियान

**रायपुर।** रायपुर में एक अनूठे जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है, जिसका उद्देश्य लोगों को उनके 'औरा' और कुण्डली से जुड़ी वैज्ञानिक व आध्यात्मिक सच्चाई से अवगत कराना है। अक्सर लोग अंजाने में ऐसे गहने, धागे या रत्न धारण कर लेते हैं, जो उनके स्वास्थ्य और भाग्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। 'औरा' एस्ट्रोलाजर राजेश श्रीवास्तव द्वारा यह अभियान सितंबर 2025 के हर शनिवार (6, 13, 20 व 27 तारीख) को प्रिंट हब, बबन प्रसाद मिश्रा मार्ग, 11ए, रविनगर, पंडरी में आयोजित है। प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक आम जनता के लिए निशुल्क औरा परीक्षण, कुण्डली विश्लेषण और समाधान उपलब्ध होंगे। राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि धातु, रंग और रत्न विज्ञान के आधार पर यदि सही ऊर्जा का चयन किया जाए तो न केवल स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि भाग्य में भी सकारात्मक बदलाव आते हैं। यह अभियान वैज्ञानिक और आध्यात्मिक समाधान का अद्भुत संगम है।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सेवा के बदले मांगी रोटी की गारंटी

### प्रदेश के 33 जिलों में 16 हजार हड़ताली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज रायपुर

प्रदेशभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल के 22वें दिन रोटी सम्मान न्याय गारंटी को लेकर प्रदर्शन किया। नवा रायपुर के तूता स्थित तालाब में हड़ताली कर्मचारियों को जल सत्याग्रह की अनुमति जिला प्रशासन ने नहीं दी। इसके बाद प्रदेश के 33 जिलों में 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सेवा के बदले रोटी की गारंटी मांगते हुए प्रदर्शन किया। तूता धरना स्थल पर इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारी शामिल हुए। सोमवार को एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने रोटी सम्मान न्याय गारंटी को लेकर प्रदर्शन किया। अपनी तरह के इस अनूठी गतिविधि से सरकार को जगाने का प्रयास करते हुए लंबित मांग को लेकर धरना दिया। संघ के महासचिव कौशलेश तिवारी ने हरिभूमि को बताया कि जब तक 10 सूत्रीय मांगों पर लिखित आदेश नहीं मिल जाता, हड़ताल जारी रहेगी। कर्मचारियों का कहना है, राज्य सरकार ने अब तक 3 बार कमेटी बनाई, लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक नहीं आई। अब हमें कमेटी के धोखे में नहीं आना है, हमें आश्वासन नहीं आदेश चाहिए।

- राजधानी के तूता के पास तालाब में जल सत्याग्रह के लिए नहीं मिली अनुमति



### दस सूत्रीय मांग इस तरह

- संविलयन और जाब सुरक्षा
- पब्लिक हेल्थ केडर की स्थापना
- ग्रेड पे निर्धारण
- कार्य मूल्यांकन पद्धति में सुधार
- लंबित 27 फीसदी की वेतन वृद्धि
- नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण
- अनुकंपा नियुक्ति संबंधी मांग
- मेडिकल या अन्य अवकाश की सुविधा
- स्थानांतरण नीति
- न्यूनतम 10 लाख चिकित्सा बीमा

## 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान कांग्रेस की विशाल आमसभा आज

### रायपुर से सड़क मार्ग से जाएंगे बिलासपुर

हरिभूमि न्यूज रायपुर

'वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान' के तहत 9 सितंबर को बिलासपुर के मुंगेली नाका में कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय विशाल रैली और आमसभा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रभारी सचिव एस. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित प्रदेश के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा आम नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट मंगलवार को सुबह 6.55 बजे दिल्ली से रवाना होकर 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर एयरपोर्ट से कार से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। वहां वे 10.45 बजे पहुंचेंगे। वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत मुंगेली नाका में आयोजित रैली और आमसभा में दोपहर 1 बजे शामिल होंगे। आमसभा के बाद शाम 5 बजे बिलासपुर से रवाना होकर 7.30 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 8.30 बजे विमान से दिल्ली रवाना होंगे।







फोटो : किशन लोखंडे व अजय साहू

सिटी कोतवाली चौक पर झांकी का स्वागत



- जय स्तंभ चौक पर आधी रात तक मची धूम, रोशनी से जगमगाया शहर, आकर्षक नजारा देखने उमड़ा जनसैलाब

# डीजे की धुन पर निकलीं भव्य गणेश झांकियां, जमकर आतिशबाजी



कुंभकरण वध, बालाजी गणेशोत्सव समिति



मां काली का रौद्र रूप, शक्ति एकता गणेशोत्सव समिति, चंगोराभाठा



मनोकामना सिद्धी विनायक गणेशोत्सव समिति, स्टेशन रोड

रायपुर। सोमवार रात 8 बजे से शहर के सड़कों पर आतिशबाजी के साथ डीजे की धुन पर भव्य आकर्षक गणेश झांकियों का कारवां निकला। झांकियों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की हुजूम उमड़ पड़ा। गणेशोत्सव समितियों द्वारा रामायण, श्रीकृष्ण लीला पर आधारित विभिन्न थीम की भव्य झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस बार भी शारदा चौक से झांकियों को टोकन दिया गया। झांकियां तेलघानी नाका, राठौर चौक और तात्यापारा से होते हुए शारदा चौक पर रुकीं, फिर एक-एक कर आगे बढ़ीं। ये सभी झांकियां जयस्तंभ चौक से मालवीय रोड, सदर बाजार, कंकालीपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, अश्वनी नगर, सुंदर नगर और रायपुरा होते हुए महादेवघाट की ओर रवाना हुई। देर रात तक तय रूट से होते हुए डीजे के धुन पर गणेश समितियों, दर्शकों और सुरक्षाकर्मियों के सहयोग से भव्य गणेश झांकियां अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ीं।



राठौर चौक



शक्तिबाण से मुर्छित लक्ष्मण, सुमिति गणेशोत्सव समिति, कुशालपुर



## ऐसी रहीं आकर्षक झांकियां

क्रोधित नरसिंह भगवान को मनाते देवता भयभीत, थीम पर श्री बाल किशोर गणेशोत्सव समिति, शिक्षक कालोनी एकता नगर डगनिया ने झांकी निकाली। रामजी अनाज भंडर टिल्लू चौक, जनमेजय सर्पदंश, तक्षक नाग इंद्र के सिहासन को जकड़े थीम पर गणेश झांकी निकली। आदर्श सोशल एंड स्पोर्ट्स क्लब लाखेनगर द्वारा गणेशजी की श्रीकृष्ण-राधा और मूसक को ग्वाल की थीम पर तैयार कर झांकी निकाली गई। श्रीगणेश उत्सव समिति संघर्ष क्लब खम्हारडीह की झांकी की थीम में छत्तीसगढ़ी परिधान में दिखे गणपति बप्पा।



आतिशबाजी



देशभक्ति थीम, भारती समाज गणेशोत्सव समिति, तात्यापारा



नंदा जाही का रे, लिटिल स्टार गणेशोत्सव समित



मनोकामना सिद्धी विनायक गणेशोत्सव समिति, स्टेशन रोड



भांग महोत्सव, राठौर चौक

## धर्म लाइव

# संकल्प समिति ने किया भूमिपूजन, 22 सितंबर से होगा भव्य रास गरबा उत्सव



**रायपुर।** संकल्प नवरात्रि रास गरबा एवं उत्सव समिति की ओर से शनिवार को बीटीआई ग्राउंड में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भूमिपूजन किया गया। समिति वर्ष 2012 से लगातार गरबा का आयोजन कर रही है और इस वर्ष 14वां भव्य रास गरबा उत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 सितंबर से होगा। समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी नवरात्रि में दुर्गा उत्सव एवं रास गरबा का आयोजन होगा। उन्होंने रायपुरवासियों से अपील की कि माता दुर्गा की पूजा-अर्चना व आराधना के इस पावन उत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य अर्जन करें।

### सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में ऐश्वर्या राज भाकुनी होंगी शामिल

भूमिपूजन अवसर पर संजय श्रीवास्तव सहित संयोजिका अनीता खंडेलवाल, संगीता मिश्रा, अमरजीत सिंह, मिलिंद गौतम, मनोज खुड़िया, राजेश गुप्ता, रिंकू भाखरे, कविता खुड़िया, प्रियंका शर्मा, प्रतिभा शर्मा, सोनम जैन, किरन अग्रवाल, माला लामा, कोमल जैन, गुंजन चौहान, पूर्णिमा, निधि, कुणाल राठी, विजय जालान सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में ऐश्वर्या राज भाकुनी शामिल होंगी। आयोजन में न्यू भारत स्वीट्स मुख्य आयोजक, आईएनए न्यूज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पार्टनर, हरिभूमि प्रिंट मीडिया पार्टनर, 94.3 रेडियो पार्टनर एवं पीवीआर सिनेमा मल्टीप्लेक्स पार्टनर रहेंगे। विशेष सहयोग डॉ. अजय सहाय का रहेगा।

## सिटी लाइव

# शताब्दी महोत्सव में दायित्व निभाएंगे युवा, युग निर्माण में भी बनें सहभागी



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की संस्थापिका भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित की गई अखण्ड ज्योति तथा तप साधना का शताब्दी वर्ष 2026 में पूरा हो रहा है। इससे पहले तैयारी के लिए गायत्री परिवार द्वारा देश के अलग-अलग संभागों में आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में माताजी के महाप्रयाण दिवस पर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, बलौदाबाजार एवं दुर्ग जिले के सक्रिय युवा परिजनों की एक दिवसीय जन्म शताब्दी युवा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। मंच पर मुख्य रूप से शांतिकुज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सीपी साहू, लच्छूराम निषाद और टीकम साहू मौजूद थे।

### शताब्दी वर्ष से पहले युवाओं के लिए कार्यशाला

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन मुख्य उद्देश्य जन्म शताब्दी वर्ष के पूर्व गायत्री परिवार के युवाओं को संघटित करते हुए उनके माध्यम से अलग-अलग क्षेत्र में गुरुदेव के विचारों को सप्त सूत्रीय आंदोलन का हिस्सा बनाएंगे। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, नारी जागरण, स्वावलंबन, पर्यावरण संरक्षण, व्यसन मुक्ति और साधना को रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। वक्ताओं ने शांतिकुंज में हुए चिंतन शिविर की संक्षिप्त जानकारी शताब्दी के स्वर्णिम पल में दायित्व, युग निर्माण प्रदेश की अवधारणा, सामूहिक शक्ति का उद्भव क्यों और कैसे, सृजन की देवी कौन और क्या है उनका दायित्व, रचनात्मक आंदोलन के लिए विचार क्रांति विषय पर युवाओं को नई जानकारी दी गई।

## समाज इवेंट

# लायंस क्लब रायपुर कैपिटल के संतोष गुप्ता उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए सम्मानित



**रायपुर।** वेंकटेश साहित्य मंच द्वारा समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए लायंस क्लब रायपुर कैपिटल के पीआरओ एवं समाजसेवक संतोष गुप्ता को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें समाजहित में निरंतर किए जा रहे कार्यों के लिए प्रदान किया गया। संतोष गुप्ता रायपुर वॉलफोर्ट एन्क्लेव-2 के उपाध्यक्ष, लायंस क्लब कैपिटल के पीआरओ, वैश्य एकता पेपर के सह संपादक एवं स्टेट को-ऑर्डिनेटर हैं। अनेक जिम्मेदारियों के बावजूद उनका उद्देश्य हमेशा असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना रहा है। वे समय-समय पर समाजसेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं गोवंश की सुरक्षा में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। सम्मान प्राप्ति पर श्री गुप्ता ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने गहोई समाज के गौरव मुकेश सहित वेंकटेश साहित्य मंच की पूरी टीम का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## दुर्गा महाविद्यालय में विकसित छत्तीसगढ़-2047 पर संगोष्ठी कल

*रायपुर। दुर्गा महाविद्यालय एलुमनी कमेटी द्वारा राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष महोत्सव के अवसर पर विकसित छत्तीसगढ़-2047 की परिकल्पना को लेकर संगोष्ठी का आयोजन 10 सितंबर को प्रातः 11 बजे दुर्गा महाविद्यालय सभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित है। उक्त जानकारी देते हुए एलुमनी कमेटी के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप में पूर्व आईएएस सुशील त्रिवेदी, गणेशशंकर मिश्रा शामिल होंगे। श्री राठी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भूतपूर्व छात्रों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री अमरजीत सिंह संधु, सत्यप्रकाश झुनझुनवाला, अजय दानी, जेपी उपाध्याय, राजेश मिश्रा, राजकुमार राठी, शिवरतन गुप्ता, संजय शर्मा, पूजा मोहिते, स्वाति शर्मा, जसबीर सिंह सलूजा, विनय शर्मा, आलोक, दर्शन अठवानी, शोभा सोनी, अमन झा, डॉ. केके पटेल शामिल हुए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र–छात्राओं को आमंत्रित किया जा रहा है।*

---

● राजधानी में दशहरा-दिवाली के साथ नए मकानों की ओपनिंग से पहले इंटीरियर डिजाइनर्स को बता रहे अपनी पसंद

# टेक्चर आर्ट, स्टोन-ग्लास से घर-आफिस और कॉमन रूम को बना रहे खास, नेचुरल कलर से बैलेंस कर रहे

'समय के साथ स्मार्ट सिटी की हाईप्रोफॉइल सोसायटी के बीच खुद का आशियाना बनाने वाले लोग दिवाली और दशहरा के लिहाज से भी घर-आफिस, बेडरूम और कॉमन रूम को खास लुक देने में रुचि ले रहे हैं। इंटीरियर डिजाइनर को अपनी पसंद बताते हुए कम खर्च में टेक्चर आर्ट, स्टोन और ग्लास वर्क से आकर्षक बनवा रहे हैं। अब लोग चटक रंगों के बजाय नेचुरल पेंट से घर की सुंदरता को बैलेंस करने की जुगत लगा रहे हैं। इस त्योहारी सीजन से पहले लोग सपनों के घर को संवारने में तकनीक का भी इस्तेमाल करने लगे हैं।'



**रायपुर।** जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आ रहा, लोग अपने घरों और दफ्तरों को खास और आकर्षक बनाने के लिए इंटीरियर डिजाइन की मदद लेने लगे हैं, ताकि आशियाना स्टाइलिश दिखे। इंटीरियर वर्क से जुड़े विवेक वर्धन ने बताया कि डिजाइन में रंग, लाइटिंग के साथ लेआउट और फर्नीचर वर्क अभी लोग ज्यादा करा रहे हैं। अब लोग आधुनिक तकनीक और संसाधनों का उपयोग करके सीमित जगह में ज्यादा स्पेस मिले, इसके लिए जगह का सही उपयोग किस तरह से संभव हो सकता है, इसकी हरसंभव गुंजाइश इंटीरियर डिजाइनर्स के सामने रखने के साथ ही होने वाले खर्च का खाका भी बनवाने लगे हैं। श्री वर्धन ने बताया कि पुराने मकानों के आंतरिक हिस्से को लोग अब कलर कराने के बजाय टेक्चर आर्ट में सैकड़ों डिजाइंस से मकान-ऑफिस तथा पूजा कक्ष को भी आकर्षक बनवा रहे हैं।

### सीमित एरिया को बना रहे खास, बचा रहे जगह

इंटीरियर डिजाइनर नीरज गज्जर ने बताया कि नया मकान बनवाने वाले लोग अब आंतरिक हिस्से को कलर कराने के बजाय टेक्चर आर्ट की जानकारी लेने के बाद कमरे को स्टाइलिश लुक देने के लिए अलग-अलग डिजाइन पर होने वाले खर्च का भी हिसाब करते हैं।साथ ही यह भी जानना चाहते हैं कि इंटीरियर वर्क कराने से उनके मकान का कितना स्पेस कम होगा। अब लोग मकान ही नहीं, ऑफिस के स्पेस को भी साज-श्रृंगार के लिए नहीं गंवाना चाहते। इसकी वजह सीमित जगह में मकान और परिवार की जरूरत का सामान संजोना है। इसमें परिवार के मेंबर्स की पसंद को भी ध्यान में रखते हुए मकान को आकर्षक बनवाने के लिए मार्केट से पहले जानकारी लेने के बाद एस्टीमेट लेने आते हैं।



### नेचुरल कलर से सजा रहे मकान और पूजा कक्ष

इंटीरियर डिजाइनर श्री गज्जर ने बताया कि रायपुर का तेजी से विकास हो रहा है। लोग मकान ही नहीं, ऑफिस और कॉमन रूम को भी आधुनिक और स्टाइलिश रखना चाहते हैं। अधिकांश लोग परिवार को नेचुरल कलर से सजे मकान और आने वाले अतिथि के कॉमन रूम में सादगी रखने का प्रयास करने लगे हैं। इसके लिए लोग सबसे ज्यादा टेक्चर वर्क कराना पसंद करते हैं। लोग खूबसूरती पर ही नहीं, बल्कि जगह की उपयोगिता और लगने वाले समय पर भी फोकस करने लगे हैं। देखते हैं कि मकान को खास लुक देने पर ज्यादा स्पेस न जाए। ऐसा इसलिए भी हो रहा, क्योंकि बैंक फाइनेंस के माध्यम से मकान बनाने में लोग ज्यादा समय नहीं गंवाना चाहते हैं। इंटीरियर डिजाइन करते समय रंग और टेक्सचर से दीवारों, फर्नीचर और सजावट में सही इस्तेमाल किया जाता है। रंगों के लिहाज से ही लाइटिंग से कमरे का माहौल बदलता है। इससे कमरा ज्यादा स्टाइलिश लगता है। कमरे के ले-आउट को सोच-समझकर डिजाइन किया जाता है, ताकि जगह का बेहतर उपयोग हो सके।

---

# निंदकों का विरोध करने से बचें, उन्हें अपने साथ रखें

**रायपुर।** निंदा करने वालों को हमेशा अपने पास रखने की सलाह देते हुए आचार्य धनंजय शास्त्री ने महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागार में कहा कि निंदा करने वालों का विरोध नहीं करना चाहिए। यथासंभव उन्हें पास रखना चाहिए और प्रशंसकों को दूर से ही प्रणाम करना चाहिए। आचार्य ने कहा कि निंदा करने वाले ही हमें शुद्ध करते हैं। आचार्य ने स्पष्ट किया कि आत्महत्या करने से दुख की वृद्धि होती है। धुंधली-आत्मदेव की कथा सुनाते हुए कहा कि आत्मदेव के मन में आत्महत्या करने का विचार आया, लेकिन अंतिम क्षण में सरोवर के किनारे ऋषि वृंद ने उनसे कहा कि दुख को भोग और सहन करके समाप्त करना चाहिए। आत्महत्या



करने से अगले जनम में हमें बचे हुए दुख का भी भागी बनना पड़ता है। ब्रह्माण्ड में ऐसा कोई नहीं, जिसे दुख नहीं है। वरुण देव जब पृथ्वी पर देखते होंगे तो उन्हें भी दुख होगा कि वर्षा के रूप में शुद्ध पानी देने के बाद लोगों ने जमीन में सोखने की जगह ही नहीं छोड़ी। शुद्ध जल को नाली-नालों में बहाया जा रहा है, इससे वे भी दुखी होते हैं।

### माता पार्वती को श्रीकृष्ण की लीलाएं सुनना पसंद

एक प्रसंग में आचार्य पं. शास्त्री ने कहा कि पितृपक्ष के भरणी नक्षत्र में श्राद्ध करने से पितरों को गया के श्राद्ध का पुण्य मिलता है। इससे तो ज्ञात-अज्ञात पितर भी तृप्त होते हैं। किसी भी पितर का पितृपक्ष के भरणी नक्षत्र में श्राद्ध कराने विधान है। गोकर्ण और उनके भाई धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि अंतिम यात्रा में अर्थी का विशेष महत्व होता है, वह बांस से बनती है। बांस के अंदर जो पोला भाग होता है, उसी में दिवंगत की आत्मा बैठकर यात्रा करती है। हमें अपने घरों में शोपीस वाले चाइनीज बेंबू नहीं रखने चाहिए। यह अंदर से पोले होते हैं। कपड़े सुखाने के लिए उपयोग किया जाने वाला बांस भी ठोस होना चाहिए। वेद व्यास और शुक शावक की कथा सुनाते हुए कहा कि मां पार्वती को श्रीमद भागवत कथा में नौंवे स्कंद तक श्रीकृष्ण की लीलाएं सुनना पसंद है।

# फिजियोथेरेपी शिविर लगाकर राहगीरों और आमजनों का किया उपचार

**रायपुर।** विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर एफ-95 एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिसर्च सेंटर ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर शिविर आयोजित कर हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास किया। टीम ने शहर के पार्क, सड़कों और बगीचों में जाकर आम नागरिकों को निशुल्क फिजियोथेरेपी उपचार प्रदान किया। उद्देश्य था समाज को लौटाना और उन तक पहुंचना, जो सामान्यतः इस सुविधा तक नहीं पहुंच पाते। इस पहल ने राहगीरों और आमजनों को आश्चर्यचकित तथा भावुक कर दिया। एक ही दिन में लगभग 10 फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित किए। ये शिविर वृद्धाश्रमों, स्कूलों, औद्योगिक



इकाईयों, जिम, विभिन्न फाउंडेशन और एफ-95 के अपने केंद्रों पर लगाए गए। विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्टों ने शिविरों में मुद्रा एवं रीढ़ की हड्डी का आकलन, दर्द संबंधी परामर्श, मांसपेशियों की ताकत की जांच और निशुल्क परामर्श जैसी सेवाएं प्रदान कीं।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रायपुर।** गणेश उत्सव के मौके पर दलदल सिवनी स्थित रहेजा होम्स में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अलग-अलग वेशभूषा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कर्ष मिश्रा ने क्रिकेटर विराट कोहली की जर्सी पहनकर क्रिकेट की झलक दिखाई। वहीं युविका कलवानी, रेयांश पाठक, अनय शर्मा, राघव नाथ और देवांश शुक्ला समेत कई बच्चों ने भी मंच पर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में अनंत गोरपड़े ने पहला स्थान, चिन्मय श्रीवास्तव ने दूसरा स्थान और विधि शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



## शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय का जागरूकता अभियान



शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय रायपुर में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। प्राचार्य एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शनी, संवाद और नाटक के माध्यम से आमजनों को फिजियोथेरेपी के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरुआत ऑक्सीजोन में रैली से हुई, जिसमें फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर दिया गया। डॉ. आंबेडकर चिकित्सालय में महिलाओं के लिए पीसीओडी, प्रसूति पश्चात एवं कैंसर उपचार उपरांत फिजियोथेरेपी व्यायाम प्रदर्शित किए गए। महाविद्यालय ने संदेश दिया कि मांसपेशियों की मजबूती, लचीलापन व दीर्घकालीन स्वास्थ्य लाभ के लिए फिजियोथेरेपी आवश्यक है।


---

कार्नर न्यूज

स्मार्टवॉच, फिटनेस ट्रैकर, वीआर हेडसेट, कैमरा-प्रिंटर वाले गैजेट्स युवाओं की पहली पसंद

# एआई स्मार्ट गैजेट्स का युवाओं में बढ़ा ट्रेंड, पढ़ाई मनोरंजन और होम सिक्योरिटी के लिए कर रहे कैरी

**रायपुर।** शहर के युवाओं में स्मार्ट गैजेट्स तेजी से ट्रेंड कर रहा है। इसकी वजह स्मार्ट एजुकेशन, मनोरंजन और एडवांस लाइफ स्टाइल में उपयोग का होना है। नई एआई टेक्नोलॉजी आने के बाद से स्मार्ट गैजेट्स की मार्केट में उपलब्धता व डिमांड दोनों में इजाफा हुआ है।जय स्तंभ चौक रविभवन में स्मार्ट गैजेट्स के विक्रेता विजय सिंघानिया ने बताया कि युवा वर्ग मोबाइल आइटम से जुड़े स्मार्ट गैजेट्स जो उन्हें बेहतर से बेहतर एजुकेशन, कम्यूनिकेशन, इंटरटेनमेंट की सर्विस उपलब्ध कराए, उन गैजेट्स को कैरी कर रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स का सलेक्शन करते समय युवा ब्रांड, हेल्थ पर कम से कम इफेक्ट डालने वाले गैजेट्स को जज कर रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स के विक्रेता का कहना है कि इन स्मार्ट्स गैजेट्स में स्मार्ट वॉच और फिटनेस ट्रैकर ये स्मार्ट वॉच





और फिटनेस ट्रैकर लेदर स्ट्रैप और विभिन्न डिजाइन में उपलब्ध हैं। इसके अलावा एआई-सक्षम स्मार्ट स्पीकर और वीआर हेडसेट यूथ के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। स्मार्ट गैजेट्स पर युवाओं की निर्भरता संचार, शिक्षा और मनोरंजन को आसान बनाने बढ़ रही है। यह गैजेट्स मनोरंजन, संचार और सूचना तक पहुंच प्रदान करते हैं, जो युवाओं को दुनिया से जोड़ रहे हैं। ऑनलाइन शिक्षा और जानकारी तक पहुंच ने डिजिटल उपकरणों को युवा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बना दिया है। स्मार्टफोन और अन्य डिवाइस अब युवाओं की जीवनशैली का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी की शॉप पर एक से बढ़कर एक युवाओं की पसंद के अनुरूप नई टेक्नोलॉजी से लैस स्मार्ट गैजेट्स उपलब्ध हैं।

### प्रोजेक्ट वर्क के लिए फोटोग्रॉफी गैजेट्स

फोटोग्रॉफी गैजेट्स बच्चों के लिए खासतौर पर कैमरा-प्रिंटर वाले गैजेट्स उपलब्ध हैं, जो प्रोजेक्ट वर्क में भी मदद करते हैं। बॉम्बो जॉइंट ग्लास कप, कांच के बने ये कप और स्ट्रॉ वाले आइटम डेकोरेटिव गिफ्ट आइटम के तौर पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, युवा अपने मोबाइल व स्मार्ट गैजेट्स से घरों की सिक्योरिटी, लाइट्स व सीसीटीवी कैमरों का प्रबंधन भी कर रहे हैं। इनमे विभिन्न रंग बदलने वाली लाइटें और टच-सेंसिटिव एसेसरीज भी उपलब्ध हैं, जो घर की सजावट को बढ़ाती हैं। इनमें मल्टीकलर और आरजीबी लाइट वाले विकल्प उपलब्ध हैं, जो घर को आकर्षक बनाने के लिए टच या रिमोट से ऑपरेट की जा सकती हैं।

### 1000 से 50000 रुपए तक कीमत

स्मार्ट गैजेट्स की कीमतें कम से कम 1000 रुपए से लेकर 50000 रुपए तक या उससे अधिक तक भी होती हैं। राजधानी के रवि भवन, एमजी रोड, लालगंगा भवन, जयस्तंभ चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स एंड स्मार्ट्स गैजेट्स शॉप पर विभिन्न टेक्नोलॉजी, कीमत के स्मार्ट गैजेट्स उपलब्ध हैं, जहां बड़ी मात्रा में खरीदी-बिक्री हो रही है।

## सिटी स्पोर्ट्स

## कैनो पोलो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के ऑफिशियल बनाए गए रघुवंशी



**रायपुर।** 10 से 14 सितंबर तक मलेशिया के पुत्रजया में होने वाली 19वीं अंतर्राष्ट्रीय कैनो पोलो चैंपियनशिप में भारतीय दल के साथ प्रशांत सिंह रघुवंशी, सहसचिव भारतीय कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ एवं सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ तथा सह सचिव छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ को भारतीय टीम का ऑफिशियल नियुक्त किया गया है। राज्य के प्रशांत सिंह रघुवंशी भारत की 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ 9 सितंबर को दोपहर 1 बजे दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से मलेशिया के लिए रवाना होंगे। इस अवसर पर बलदेव सिंह भाटिया अध्यक्ष, रोहित काले कार्यकारी अध्यक्ष, अभिजीत मिश्रा सचिव एवं अमरजीत छाबड़ा सहसचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एंड कैनोइंग संघ ने शुभकामनाएं दीं।

## एथलेटिक अकादमी ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में जीते 22 पदक



**रायपुर।** बहतराई बिलासपुर में 5 से 7 सितंबर तक आयोजित 22वीं सब-जूनियर, जूनियर एवं अंडर-23 राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रायपुर एथलेटिक अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अकादमी ने कुल 22 पदक जीतकर ओवरऑल सेकंड रनरअप का खिताब हासिल किया। इसमें 10 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। बोर्डिंग खिलाड़ियों में बिरजूराम मंडावी ने 110 मीटर हर्डल्स और हाई जंप में दो स्वर्ण पदक जीते, वहीं किरण ध्रुव, रुतुराज, योगेंद्र, बलराम और ध्रुवा बिरेंद्र ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। डे-बोर्डिंग खिलाड़ियों में सिद्धार्थ नागेश (शॉटपुट), अनिल साहू (डिस्कस थ्रो) और विजय यादव (जेवलिन थ्रो) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इधर बालिका फुटबॉल अकादमी रायपुर की गुंजन पटले ने 23 से 30 अगस्त तक नॉर्वे में आयोजित होमलेस फुटबॉल वर्ल्ड कप में गोलकीपर के रूप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। खेल संचालक तनूजा सलाम ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उत्साह बढ़ाया।

## द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता कोंडागांव में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा 19 से 21 सितंबर 2025 तक द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, कोंडागांव में किया जाएगा। संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि कोंडागांव जिले में पहली बार राज्य स्तरीय रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। प्रतियोगिता में 12 वर्गों में मुकाबले होंगे। 19 सितंबर : यूथ अंडर-19 (बालक/बालिका) एवं यूथ अंडर-15 (सब-जूनियर, बालक/बालिका), 20 सितंबर : सीनियर (पुरुष/महिला) एवं यूथ अंडर-11 (होप्स, बालक/बालिका) 21 सितम्बर : यूथ अंडर-17 (जूनियर, बालक/बालिका), यूथ अंडर-13 (कैडेट, बालक/बालिका) एवं सीनियर पुरुष एकल प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से लगभग 200 पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। इसमें केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकेंगे। प्रविष्टि की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

## गजकेसरी राजयोग से इन राशियों के शुरू होंगे अच्छे दिन

पंचांग के मुताबिक इस साल पितृ पक्ष का आरंभ 7 सितंबर से हो चुका है और यह 21 सितंबर को खत्म होगा। पितृ पक्ष के दौरान गजकेसरी राजयोग बनने जा रहा है। आपको बता दें कि चंद्र ग्रह 14 सितंबर को मिथुन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां पर गुरु बृहस्पति पहले से ही विराजमान हैं। ऐसे में गुरु और चंद्र की युति से गजकेसरी राजयोग का निर्माण होगा।

**तुला राशि** : यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली के भाग्य स्तान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपका भाग्योदय हो सकता है। आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि** : यह राजयोग आपकी राशि से लग्न भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपको मान- सम्मान की प्राप्ति होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। साथ ही शादीशुदा जिंदगी में प्यार और समझदारी बढ़ेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

### दान से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं

# पितृपक्ष पर इन चीजों के दान से दूर होगी घर की दरिद्रता, पितृ दोष से भी मिलेगा छुटकारा

पितृपक्ष की शुरुआत 7 सितंबर से हो चुकी है और 21 सितंबर को महालया अमावस्या के दिन इसका समापन होगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों की शांति और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्राद्ध कर्म व दान-पुण्य करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि पितृपक्ष में किए गए दान से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि पितृ दोष से मुक्ति पाने और परिवार में शांति बनाए रखने के लिए कुछ विशेष चीजों का दान करना अत्यंत शुभ होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि इस दौरान किन चीजों का दान करना लाभदायक माना जाता है।



### वस्त्रों का दान

गरुड़ पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि मौसम का असर जैसे हम लोगों पर होता है, वैसे ही इसका असर पूर्वजों पर भी पड़ता है। ऐसे में पितृपक्ष के दौरान वस्त्रों का दान करना बेहद सबसे शुभ माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से पितरों की कृपा मिलती है और जीवन में खुशहाली बनी रहती है।

### छतरी का दान

पितृपक्ष में पितरों के नाम से छतरी का दान करना बेहद लाभकारी होता है। कहा जाता है कि इससे व्यक्ति के जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाती हैं और परिवार में सुख-शांति और खुशहाली आती है। इसलिए पितृपक्ष में छतरी का दान करना शुभ फल दिलाने वाला माना गया है।

### काले तिल का दान

पितृपक्ष में श्राद्ध के हर कर्म में काले तिल का प्रयोग अनिवार्य माना गया है। अगर कोई व्यक्ति और कुछ दान न कर पाए, तो कम से कम काले तिल जरूर दान करना चाहिए। इससे पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन की मुश्किलें कम होने लगती हैं। माना जाता है कि काले तिल का दान करने से पूर्वज हमारी रक्षा करते हैं।

### गुड़ और नमक

अगर घर में लंबे समय से कलह, तनाव और आर्थिक तंगी बनी हुई है, तो पितृपक्ष के दौरान गुड़ और नमक का दान बेहद लाभकारी माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, पितरों के निमित्त इन चीजों का दान करने से घर की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और परिवार के रिश्तों में मधुरता आती है।

## कौवे के बिना अधूरा माना जाता है पितृ पक्ष का श्राद्ध कर्म, पितरों से है इसका गहरा नाता

पितृपक्ष का समय हिंदू धर्म में बेहद खास माना जाता है। इस दौरान पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध और तर्पण किए जाते हैं। मान्यता है कि पितरों की आत्मा इस समय धरती पर आती है और अपने वंशजों से तर्पण व भोजन ग्रहण कर संतुष्ट होती है। वहीं, श्राद्ध के दौरान एक खास परंपरा निभाई जाती है, जिसे पंचबलि कहा जाता है। इसमें पांच जगह भोजन के अंश निकाले जाते हैं – गाय, कुत्ता, कौआ, देवताओं और चीटियों के लिए। इनमें सबसे अहम भूमिका कौवे की होती है, जिसे पितरों का दूत माना गया है। ल

क्यों जरूरी है श्राद्ध में कौए की भूमिका? धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कौआ श्राद्ध का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। शास्त्रों के अनुसार, कौवा पितरों का दूत माना जाता है। श्राद्ध में जब कौवे को भोजन कराया जाता है, तो माना जाता है कि वह भोजन सीधे पितरों तक पहुंचता है। ऐसा माना जाता है कि अगर श्राद्ध के दिन कौआ भोजन स्वीकार कर लेता है तो समझा जाता है कि पितर तृप्त और प्रसन्न हो गए हैं। यही वजह है कि श्राद्ध कागबलि के बिना अधूरा माना जाता है।

## इन लोगों को नहीं करना चाहिए अनानास का सेवन, हो सकती हैं कई समस्याएं

अनानास एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में खट्टा-मीठा होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि ये इसमें कई खनिज और विटामिन्स मौजूद होते हैं। हालांकि, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके लिए अनानास का सेवन करना परेशानी का कारण बन सकता है।



आइए आज हम आपको उन लोगों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अनानास का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि ये उनके लिए मुसीबत बन सकता है।

**एलर्जी से पीड़ित लोग** : अगर आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी है तो अनानास का सेवन करने से बचें। अनानास में एक खास तत्व होता है, जो एलर्जी के लक्षणों को बढ़ा सकता है। इस कारण एलर्जी वाले लोगों को अनानास से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा अगर आपको त्वचा संबंधी कोई समस्या है तो भी अनानास खाने से बचें क्योंकि यह समस्या को और बढ़ा सकता है।

**मधुमेह के मरीज** : मधुमेह के मरीजों के लिए भी अनानास का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में शक्कर होती है, जो खून में शक्कर के स्तर को बढ़ा सकती है। इस कारण मधुमेह के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप मधुमेह के मरीज हैं और अनानास खाना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें और अपने चिकित्सक इलाज को ही प्राथमिकता दें।

**उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग** : उच्च रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों के लिए भी अनानास का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में नमक की मात्रा ज्यादा होती है, जो रक्तचाप को बढ़ा सकता है। इस कारण ब्लड प्रेशर के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

## मुंह में जाते ही घुल जाता है रेशमी पराठा आसानी से बनाएं, खुद भी खाएं

भारतीय खान-पान में पराठे और रोटी अहम होती हैं, जिन्हें सब्जी के साथ परोसा जाता है। हालांकि, रोजाना इनका सेवन करने से मन उब जाता है। इनके बजाय अगर आप रेशमी पराठा बनाकर खाएंगे तो आपका मन तृप्त हो जाएगा। यह खास तरह का मुलायम पराठा होता है, जो मुंह में जाते ही घुल जाता है। आप इसे किसी भी सब्जी के साथ परोस सकते हैं। आइए इस व्यंजन की आसानी रेसिपी जानते हैं।

**क्या होता है रेशमी पराठा** : आम तौर पर पराठे थोड़े सख्त और कुरकुरे होते हैं। जैसा की इसके नाम से पता चलता है, रेशमी पराठा बिलकुल मुलायम होता है। इसे बनाने के लिए मैदा और गेहूं का आटा मिलाया जाता है, ताकि ये मुंह में जाते ही घुल सके। इसके स्वाद को बढ़ाने के लिए कुछ लोग इसमें उबले हुए आलू मिलाना भी पसंद करते हैं। आप इसमें धनिया, तिल और लहसुन डालकर इसे और भी जायकेदार बना सकते हैं।



**इसे बनाने के लिए लगेगी ये सामग्री** : रेशमी पराठा आम पराठों की तरह तवे पर ही बनाया जाता है। हालांकि, इसमें कुछ अन्य सामग्रियां भी मिलाई जाती हैं, जिससे इसकी बनावट मुलायम होती है। इसे बनाने के लिए आपको एक कप मैदा, एक कप आटा, 2 उबले आलू, एक चम्मच नमक, आधा कप गर्म पानी, 2 से 3 चम्मच तिल, आधा चम्मच बारीक कटी धनिया और घी चाहिए होगा।

**आटा गूंथने से करें शुरुआत** : रेशमी पराठा बनाने के लिए सबसे पहले उबले आलू को हाथों से मीस लें। हालांकि, उसे मिक्सी में पीसना ज्यादा बेहतर होता है। अब एक कटोरे में मैदा, आटा, आलू, नमक और गर्म पानी मिलाएं।



## बच्चे को प्ले स्कूल भेजने से पहले सिखाएं ऐसी बातें जिससे वह वहां कर सके अच्छा व्यवहार

जैसे ही बच्चे 3-4 साल के हो जाते हैं, उनका दाखिला प्ले स्कूल में करवा दिया जाता है। इस कक्षा में बच्चे अन्य बच्चों के साथ घुलना-मिलना सीखते हैं और पढ़ाई की आदत डालते हैं। उन्हें खेल-खेल में बुनियादी जीवन कौशल भी सिखाया जाता है। हालांकि, प्ले स्कूल भेजने से पहले भी आपको कुछ तैयारी करनी होगी। बच्चों की देखभाल से जुड़ी टिप्स में आज हम आपको बताएंगे कि प्ले स्कूल भेजने से पहले आपको बच्चे को क्या-क्या सिखाना चाहिए।

### शिष्टाचार सिखाएं



बच्चों को प्ले स्कूल भेजने से पहले उन्हें शिष्टाचार जरूर सिखाएं। इससे वे समझ सकेंगे कि उन्हें लोगों के साथ कैसा व्यव्हार करना चाहिए और कैसे रहना चाहिए। उनके सामने हमेशा अच्छी तरह बात करें और 'प्लीज', 'धन्यवाद' और 'सॉरी' जैसे शब्दों का प्रयोग करें। इससे बच्चे भी इन शब्दों का महत्व सीखेंगे और इन्हें इस्तेमाल करेंगे। साथ ही उन्हें जवाब देने से पहले हाथ उठाने, खुद खाना खाने और पूछकर चीजें करने की आदत डलवाएं।

### लोगों से बात करने की आदत डालें

ज्यादातर बच्चे प्ले स्कूल में शांत बैठे रहते हैं और कुछ भी करने से शरमाते रहते हैं। ऐसे में वे कुछ सीख नहीं पाते और सामाजिक नहीं बन पाते। अपने बच्चे को प्ले स्कूल भजने से पहले लोगों से बात करना सिखाएं। इसके लिए उन्हें अन्य बच्चों के साथ खेलने दें और अपने परिवार के लोगों से बात करने के लिए प्रेरित करें। इससे उनकी बोली भी साफ हो जाएगी और वे अपने शिक्षक-शिक्षिका से भी खुलकर बात कर पाएंगे।

### रोजाना कुछ पढ़ने-लिखने को दें

प्ले स्कूल में जाते ही पढ़ाई करना बच्चों के लिए नया अनुभव होता है और वे डरकर पढ़ाई से जी चुराने लगते हैं। इसिलए, बेहतर होगा कि आप उन्हें पहले से ही पढ़ने की आदत डाल दें। इसके लिए रोजाना उन्हें कुछ अक्षर लिखवाएं या रेखाएं आदि बनाना सिखाएं। इसके अलावा उन्हें कहानियां भी पढ़कर सुनाएं, ताकि वे चीजें याद करना सीख सकें। बच्चों को फलों, रंगों, जानवरों और फूलों के नाम भी याद करवाएं।

### साफ-सफाई का ध्यान रखें

छोटे बच्चों के लिए साफ-सफाई का ध्यान रख पाना मुश्किल होता है। हालांकि, प्ले स्कूल जाने से पहले उन्हें साफ-सफाई की मूल बातें पता होनी ही चाहिए। बच्चों को ठीक से खाना खाना सिखाएं, ताकि वे लंच पीरियड में गंदगी न करें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
✆ 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसुन रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
ज्योतिष का ज्ञान नहीं, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, अटैच बाथरूम, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 76919 06755, 76929 51173

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | सोफा कमबेड | सोफा कव्हर | टावेल | रजाई-गद्दा कव्हर |
| | कम्फर्ट दोहड़ | प्रोटेक्टर | रूई गद्दा | तकिया | |

संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262



Starting Price 45,000/-*
DYNAMO Electric Vehicle
0% Down Payment
2 Year Warranty 3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
2 Year Warranty
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900



शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।




शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध)। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## मनोज तिवारी का 'जब से चढ़ल बा' नए फ्लेवर के साथ रिलीज, मचा रहा



खेसारी लाल यादव, पवन सिंह और निरहुआ भोजपुरी सिनेमा के वो स्टार हैं, जो अपने गानों से आए दिन फैंस के बीच धूम मचाते रहते हैं लेकिन, अब इन तीनों भोजपुरी स्टार्स को टक्कर देने एक पुराने खिलाड़ी ने मैदान में एंट्री की है और देखते ही देखते सबका स्टारडम भी हिला दिया है। हम बात कर रहे हैं मनोज तिवारी की, जो एक पॉलिटीशियन ही नहीं, नामी सिंगर और एक्टर भी हैं। मनोज तिवारी अपने भोजपुरी गानों से फैंस के बीच सालों पहले धूम मचा चुके हैं। अब अपने एक 15 साल पुराने गाने से वह फिर से भोजपुरिया फैंस के बीच छा गए हैं। मनोज तिवारी का हिट सॉन्ग 'जब से चढ़ल बा जवानी' नए फ्लेवर के साथ दर्शकों के बीच आ गया है। खास बात तो ये है कि इस गाने ने रिलीज होते ही धूम मचा दी है। इसे टी-सीरीज भोजपुरी के यूट्यूब चैनल टी-सीरीज हमार भोजपुरी पर रिलीज किया गया है और दो ही दिन में इसने 3 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। 'जब से चढ़ल बा जवानी' को पारस कलनावत और गरिमा पर फिल्माया गया और मनोज तिवारी ने अपनी उपस्थिति से इस गाने में चार चांद लगा दिए हैं। फैंस भी इस गाने पर रिएक्ट करते हुए अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा- 'पुराने खिलाड़ी मैदान में।' एक अन्य ने लिखा-'शेर बूढ़ा हो सकता है, मगर शिकार करना कभी नहीं भूलता... मनोज तिवारी वही शेर हैं भोजपुरी गायकी के।

### बॉलीवुड

## हीरो बने कैप्टन कूल! दिखाएंगे पुलिसिया अवतार, 'द चेज' का टीजर हुआ रिलीज



**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी इंडियन क्रिकेट टीम के सबसे सफल और शानदार कप्तान में से एक हैं। क्रिकेट जगत में हलचल मचाने के बाद अब महेंद्र सिंह धोनी एक नए वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। रविवार को कैप्टन कूल का एक वीडियो सामने आया, जिसे देखने के बाद अब फैंस ये सवाल कर रहे हैं कि क्या वह एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई शुरुआत करने वाले हैं। हाल ही में 'द चेज' का टीजर जारी किया गया, जिसमें महेंद्र सिंह धोनी अभिनेता आर माधवन के साथ दिखाई दिए। इस टीजर ने कैप्टन कूल के फैंस के दिलों की धड़कन बढ़ा दी है और हर तरफ यही सवाल है कि क्या एमएस धोनी अब हीरो बनकर बॉलीवुड में तहलका मचाने वाले हैं।

हालांकि मेकर्स ने ये साफ नहीं किया है कि ये कोई फिल्म है, सीरीज या फिर हाई प्रोफाइल ऐड, जो एक्शन और ड्रामा से भरा है। इस टीजर में महेंद्र सिंह धोनी और आर माधवन पुलिसिया अवतार में नजर आ रहे हैं और ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे हैं। टीजर में ये तो बताया गया है कि इसे बसन बाला ने डायरेक्ट किया है, जो आलिया की 'जिगरा' के डायरेक्टर थे, लेकिन ये नहीं बताया गया कि आखिर 'द चेज' के पीछे की कहानी क्या है। वर्कफ्रंट की बात करें तो आर माधवन हाल ही में फातिमा सना शेख के साथ नेटफ्लिक्स की 'आप जैसा कोई' में नजर आए थे, जो 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी और अब वह रणवीर सिंह की 'धुरंधर' में दिखाई देंगे। इस फिल्म में उनके और रणवीर के अलावा संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन भी नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर हैं, जिन्होंने 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से वाहवाही लूटी थी।

### साउथ

## कमल हासन को देखते ही सम्मान में झुक गई हीरोइन, रामायण में बनेंगी सीता



**बेंगलुरु।** साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स 2025 में सिनेमाई सितारों ने जलवा बिखेरा। इस कार्यक्रम के कई वायरल पलों में से एक खास रहा जिसने सोशल मीडिया पर सबका दिल जीत लिया। अपनी विनम्रता और शालीनता के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री साई पल्लवी, पारंपरिक रूप से दिग्गज अभिनेता कमल हासन के पैर छूकर उनका अभिवादन करती नजर आईं। दिग्गज अभिनेता उनके इस भाव से बेहद प्रभावित हुए, उन्हें आशीर्वाद दिया और एक गर्मजोशी भरी मुस्कान का आदान-प्रदान किया। तमिल क्षेत्र में साई पल्लवी ने अमरन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। तेलुगु और कन्नड़ भाषी क्षेत्रों में, अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना ने अभिनय के क्षेत्र में शीर्ष पुरस्कार जीते, जबकि कल्कि 2898 एडी और गौरी ने तकनीकी और अभिनय के क्षेत्र में कई श्रेणियों में बड़ी उपलब्धि हासिल की।साई पल्लवी नितेश तिवारी की रामायण में सीता के रूप में बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। रणबीर कपूर इस फिल्म में भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं और यश को रावण की भूमिका के लिए चुना गया है। इस फिल्म के लिए बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों की प्रतिष्ठित टीमों ने सहयोग किया है।




## गहनों की चाह

अगर भारतीय शादियों से जुड़ी एक बड़ी पहचान की बात की जाए तो वह है भव्यता और दुल्हन के गहने के अलावा कुछ नहीं हो सकती। हालांकि, 2025 में भारतीय दुल्हनों के लिए ज्वेलरी डिजाइनर कुछ नए कलेक्शन लेकर आएं हैं लेकिन लोगों का ध्यान परंपरागत गहनों की तरफ ज्यादा जाता है। आगामी दिनों में शादियों के मुहूर्त को देखते हुए माना जा रहा है कि परंपरागत डिजाइनर ज्वेलरी की मांग बढ़ जाएगी।

# सिल्क की साड़ियां स्टोर करने अपनाएं ऐसे उपाय जिससे वे हमेशा दिखती रहें नई जैसी

सिल्क की साड़ियां न केवल सुंदर होती हैं, बल्कि इनमें इस्तेमाल होने वाला कपड़ा काफी महंगा भी होता है। ऐसे में इनकी सही तरीके से देखभाल करना जरूरी है ताकि ये लंबे समय तक नई जैसी बनी रहें। आज हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनकी मदद से आप अपनी सिल्क की साड़ियों को सही तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आपकी साड़ियां न केवल सुरक्षित रहेंगी, बल्कि उनकी चमक भी बनी रहेगी।

**साड़ियों को मोड़कर रखें :** सिल्क की साड़ियों को स्टोर करते समय उन्हें मोड़कर रखना सबसे अच्छा तरीका है। इससे साड़ियों पर सिलवटें नहीं पड़तीं और वे अच्छी तरह से सुरक्षित रहती हैं। साड़ियों को मोड़ते समय ध्यान रखें कि उनमें कोई मोड़ या दबाव न पड़े, जिससे उनकी चमक बनी रहे। इसके लिए आप साड़ियों को हल्के हाथों से मोड़कर कपड़े के थैले में रख सकती हैं या फिर किसी बड़े डिब्बे में स्टोर कर सकती हैं।

**कपड़े के थैले का करें इस्तेमाल :** सिल्क की साड़ियों को स्टोर करने के लिए कपड़े के थैले का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद हो सकता है। इन थैलों में साड़ियां रखने



से वे धूल-मिट्टी से बची रहती हैं और उनकी चमक भी बरकरार रहती है। आप चाहें तो थैलों को अपनी अलमारी में भी रख सकती हैं।इसके अलावा कपड़े के थैलों में रखने से साड़ियों का रंग भी नहीं बिगड़ता और वे लंबे समय तक नई जैसी बनी रहती हैं।

**नमी से बचाकर रखना बहुत जरूरी :** सिल्क की साड़ियों को नमी से बचाकर रखना बहुत जरूरी है क्योंकि नमी से फफूंदी लगने का खतरा रहता है। इसके लिए आप अपनी अलमारी या स्टोर रूम में नमी सोखने वाले पैकेट्स रख सकती हैं। इसके अलावा आप चाहें तो एक सूखे कपड़े में अपनी साड़ियों को लपेटकर भी रख सकती हैं ताकि उन्हें नमी न लगे। इस तरह आपकी साड़ियां हमेशा सुरक्षित रहेंगी।

### हल्के साबुन का करें उपयोग

जब भी आपको अपनी सिल्क की साड़ियों को धोना हो तो हल्के साबुन या शैंपू का उपयोग करें। इससे आपकी साड़ियों की चमक बनी रहेगी और उनका कपड़ा भी सुरक्षित रहेगा। ध्यान रखें कि साबुन बहुत ज्यादा कठोर न हो क्योंकि इससे कपड़े पर असर पड़ सकता है।साबुन घुलने के बाद साड़ियों को ठंडे पानी में धोएं और उन्हें धूप से दूर किसी ठंडी जगह पर सुखाएं ताकि वे जल्दी सूख जाएं।

# भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरीके से बांधी जाती है साड़ी




साड़ी भारतीय महिलाओं का पसंदीदा परिधान है, जिसमें उनका सौंदर्य सबसे ज्यादा निखरता है। शिफॉन से लेकर सिल्क तक, देश में कई प्रकार की साड़ियां मिलती हैं। जैसे हर राज्य की अपनी खास साड़ी होती है, ठीक वैसे ही इसे बांधने के तरीके भी अलग-अलग होते हैं। आज के फैशन टिप्स में हम आपको साड़ी बांधने की शैलियां बताएंगे। इन सभी की अपनी खासियत होती हैं और सभी एक अलग लुक देती हैं।

**विशेष शोभा बढ़ाता है सीधा पल्लू :** साड़ी बांधने की सबसे मशहूर शैली में से एक है 'सीधा पल्लू', जो भारी साड़ियों की शोभा और भी बढ़ा देती है। यह शैली गुजरात से प्रचिलित हुई थी और अब लगभग हर राज्य की महिला को पसंद आती है। खास तौर से उम्रदराज महिलाएं इस तरह से साड़ी पहनना पसंद करती हैं। इसमें साड़ी के पल्लू को पीछे की ओर से घुमाते हुए दाहिने कंधे पर सीधा रखा जाता है। पल्लू को पिन लगाकर जगह पर रखा जाता है।

**पश्चिम बंगाल की पारंपरिक शैली आठपुरे :** पश्चिम बंगाल की साड़ी पहनने की पारंपरिक शैली को 'आठपुरे' या '2-भाग' कहा जाता है। इसमें एक के बजाय 2 पल्लू लिए जाते हैं। इसमें साड़ी को 2 बार लपेटा जाता है और पल्लू को पीछे से सामने की ओर लाया जाता है। इसके लिए साड़ी को पेटीकोट में टक करें और पल्लू के लिए लंबा हिस्सा छोड़ दें। साड़ी को कमर पर 2 बार लपेटें और पल्लू को दोनों कंधों पर पीछे से सामने की ओर ले आएं।

**आंध्र प्रदेश का प्रचलित पहनावा निवी :** आम तौर पर महिलाएं जिस तरह से साड़ी बांधती हैं उसे ही 'निवी' कहा जाता है। पारंपरिक रूप से आंध्र प्रदेश की महिलाएं इस शैली से साड़ी बांधती हैं। महिलाएं इस शैली में साड़ी बांधना इसलिए पसंद करती हैं, क्योंकि यह आसान होती है। इसमें साड़ी का एक सिरा कमर पर पेटीकोट में टक किया जाता है। बाकी कपड़े की प्लीट बनाकर आगे की ओर टक की जाती हैं और बाएं कंधे पर उल्टा पल्लू लिया जाता है।

**महाराष्ट्र की मशहूर शैली नौवारी :** 'नौवारी' साड़ी महाराष्ट्र की पारंपरिक साड़ी है, जो साड़ी बांधने की एक शैली भी है। यह एक पारंपरिक पहनावा है, जिसका मतलब '9 गज' होता है। इसे बांधने के लिए साड़ी के एक सिरे को कमर पर लपेटकर टक करें। कपड़े को पैरों के बीच से निकालकर पीछे की ओर ले जाएं और टक करें। अब बचे हुए कपड़े की प्लीट बनाएं और उन्हें आगे की तरफ टक करें। अंत में कंधे पर पल्लू लेकर पिन से सुरक्षित कर लें।

# फिल्म देखने जा रही हैं तो पहनें स्टाइलिश व आरामदायक आकर्षक आउटफिट

सिनेमा हॉल में फिल्म देखना एक मजेदार अनुभव होता है। हालांकि, फिल्म देखने जाने से पहले हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि आखिर कैसा आउटफिट चुनना सही है। इस दौरान ऐसे कपड़े पहनने चाहिए, जो आरामदायक हों और स्टाइलिश भी दिख सकें। अगर आप भी दोस्तों या प्रेमी के साथ फिल्म देखने जा रही हैं तो ऐसे आउटफिट चुनना सही रहेगा। ये आपको फैशनेबल लुक देंगे और इस मौके के लिए आदर्श भी रहेंगे।

शर्ट और स्पेगेटी टॉप

फिल्म देखने के लिए जो आउटफिट सबसे आरामदायक रहेगा, वह है शर्ट। आप इसे कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

अपनी पसंद के मुताबिक, शर्ट को डेनिम जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ पेयर करें। हालांकि, अगर आप शर्ट के अंदर स्पेगेटी टॉप पहनकर शर्ट के बटन खुले रखेंगी तो आपको बेहद स्टाइलिश लुक मिल जाएगा। इसके साथ स्नीकर्स या हील वाली सैंडल अच्छी लगेंगी।



### कुर्ती और वाइड लेग जींस

इन दिनों महिलाएं टॉप से ज्यादा कुर्तियां पहनना पसंद करने लगी हैं। मूवी डेट के लिए शार्ट कुर्ती पहनना एक अच्छा निर्णय हो सकता है। ये बेहद चलन में भी हैं और आरामदायक भी रहती हैं। आप प्रिंटेड शार्ट कुर्ती को वाइड लेग जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं, जो चौड़ी और ढीली-ढाली होती हैं। लुक को पूरा करने के लिए पैरों में कोल्हापुरी चप्पल, जूती या सैंडल पहनें। इसे साथ ऑक्सीडाइज्ड झुमके पहनना न भूलें।

### ओवरसाइज्ड टी-शर्ट

अगर आपके पास कम समय है और आप बिना ज्यादा सोचे-समझे स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ओवरसाइज्ड टी-शर्ट चुनें। ये ढीली टी-शर्ट होती हैं, जो एक कैजुअल और कूल लुक प्रदान करती हैं। इस तरह की टी-शर्ट के साथ वाइड लेग जींस या डेनिम शॉर्ट्स पहनना बढ़िया रहता है। इस आउटफिट के साथ स्नीकर्स शानदार लगेंगे, क्योंकि वे भी आरामदायक होते हैं। हाथों में घड़ी पहनकर लुक को निखारा जा सकता है।

# महिलाओं में जमकर लोकप्रिय हो रहे डेनिम 'जोट्र्स', लोग देखते रह जाएं ऐसे करें स्टाइल

शॉर्ट्स और स्कोर्ट्स के बाद अब एक नया बॉटम वियर चलन में आ गया है। हम बात कर रहे हैं डेनिम 'जोट्र्स' की, जो महिलाओं का नया पसंदीदा परिधान बनता जा रहा है। यह घुटनों तक की लंबाई वाली जींस होती है, जो ढीली होती है। यह परिधान 60 और 90 के दशक में मशहूर था और एक बार फिर शानदार वापसी कर रहा है। आज के फैशन टिप्स में हम आपको जोट्र्स को स्टाइल करने के कुछ बेहतरीन तरीके बताएंगे।

**ट्यूब या ऑफ शोल्डर टॉप के साथ पहनें:** जोट्र्स कोरियाई महिलाओं को बेहद पसंद आते हैं, क्योंकि ये एक कूल लुक प्रदान करते हैं। इन्हें स्टाइल करने का सबसे बढ़िया तरीका है ट्यूब या ऑफ शोल्डर टॉप पहनना। इस आउटफिट में एक कैजुअल लुक मिलता है और कोरियाई लुक पाया जा सकता है।



लुक को पूरा करने के लिए मोटी बेल्ट लगाएं और पैरों में स्नीकर्स पहनें। इस लुक के साथ बालों का जूड़ा बांध लें या पोनीटेल बना लें।

**टी-शर्ट के साथ करें स्टाइल :** अगर आप दोस्तों संग घूमने जा रही हैं और आराम को प्राथमिकता देना चाहती हैं तो जोट्र्स के साथ टी-शर्ट पहनना बढ़िया रहेगा। आप अपनी पसंद के अनुसार फिटिंग वाली या ओवरसाइज्ड टी-शर्ट स्टाइल कर सकती हैं। इनके अलावा क्रॉप टॉप पहनना भी बढ़िया निर्णय होगा, जो फिटिंग वाला हो। ओवरसाइज्ड टी-शर्ट के पीछे वाले हिस्से को जोट्र्स के अंदर टक करें और आगे के हिस्से को बाहर ही रहने दें।

**स्पेगेटी टॉप के साथ पेयर करें :** जोट्र्स के साथ स्पेगेटी स्ट्रैप वाले टॉप पहनकर आप सबसे ज्यादा सुंदर दिख सकती हैं। यह आउटफिट न केवल आपको आकर्षक दिखाएगा, बल्कि गर्मी से भी बचाएगा। आप इस बॉटम वियर के साथ कैमिसोल पहन सकती हैं या स्पेगेटी स्ट्रैप वाले डिजाइनर टॉप कैरी कर सकती हैं। लुक को पूरा करने के लिए पैरों में जूते पहनें और मिनिमल एस्थेटिक वाले जेवर पहन लें। इस आउटफिट के साथ अपने बालों को खुला रखें

**शर्ट के साथ लगेगा और शानदार :** अगर आप एक औपचारिक लुक पाना चाह रही हैं तो जोट्र्स के साथ शर्ट पहनना सबसे बढ़िया निर्णय होगा। शर्ट एक सदाबहार परिधान है, जिसे आप कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

## कार्नर न्यूज

### बेहतरीन दिख सकते हैं और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर सकते हैं

# पुरुष भी बैगी जींस को स्टाइलिश व फैशनेबल तरीके से पहननें अपनाएं सही तरीका

बैगी जींस न केवल आरामदायक होती है, बल्कि यह स्टाइलिश लुक भी देती है। सही तरीके से बैगी जींस को पहनना और स्टाइल करना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक खास और आकर्षक लगे। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप अपनी बैगी जींस को और भी ज्यादा फैशनेबल बना सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकते हैं और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस कर सकते हैं।



### टी-शर्ट या शर्ट के साथ पहनें

बैगी जींस के साथ टी-शर्ट या शर्ट पहनना एक अच्छा तरीका हो सकता है। अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बैगी जींस चुन रहे हैं तो टी-शर्ट एक बेहतरीन विकल्प है, वहीं अगर आप किसी खास मौके पर जाना चाहते हैं तो शर्ट को चुन सकते हैं। दोनों ही तरीकों से आपका लुक स्टाइलिश और आकर्षक लगेगा। इसके अलावा आप अपनी बैगी जींस के साथ हल्के रंग की शर्ट या टी-शर्ट पहन सकते हैं।

### जूते का चयन करना अहम

बैगी जींस के साथ जूते का चयन करना अहम है ताकि आपका पूरा लुक संतुलित लगे। स्नीकर्स, लोफर्स या डर्बी जूते सभी अच्छे विकल्प हो सकते हैं। अगर आप रोजमर्रा के लुक चाहते हैं तो स्नीकर्स सबसे अच्छा विकल्प होगा। वहीं ऑफिस या फॉर्मल इवेंट्स के लिए लोफर्स या डर्बी जूते अच्छे लगते हैं। सही जूते से आपका लुक पूरा होता है और आप हर मौके पर बेहतरीन दिखते हैं।

### सही फिटिंग चुनें

बैगी जींस चुनते समय उसकी फिटिंग पर ध्यान दें। बहुत ज्यादा ढीली जींस पहनने से बचें क्योंकि इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। हमेशा ऐसी बैगी जींस चुनें जो आपके कमर और जांघों पर अच्छी तरह बैठें। इससे आपका लुक साफ-सुथरा और आकर्षक दिखेगा। सही फिटिंग वाली बैगी जींस पहनने से आप आरामदायक महसूस करेंगे और हर मौके पर बेहतरीन दिखेंगे।

### आत्मविश्वास रखें

आत्मविश्वास सबसे अहम चीज होती है जब बात स्टाइलिंग की आती है। चाहे आप जो भी पहनें, अगर आप आत्मविश्वास से भरे होंगे तो आपका लुक हमेशा बेहतरीन लगेगा। बैगी जींस पहनते समय खुद को आरामदायक महसूस करें और अपने स्टाइल पर गर्व करें। इन सभी तरीकों को अपनाकर आप अपनी बैगी जींस को स्टाइलिश बना सकते हैं और हर मौके पर बेहतरीन दिख सकते हैं।



### एक्सेसरीज का उपयोग करें

एसेसरीज आपके लुक को पूरा करने में मदद करती हैं। घड़ी, बेल्ट या कैप्स जैसी छोटी-मोटी चीजें आपके लुक को खास बना सकती हैं। अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए बैगी जींस पहन रहे हैं तो बेल्ट का उपयोग करें ताकि आपकी जींस सही जगह पर टिकी रहे। इसके अलावा कैप्स भी आपके कैजुअल लुक को बढ़ावा देती हैं। इन सरल लेकिन प्रभावी तरीकों से आप अपनी बैगी जींस को और भी ज्यादा स्टाइलिश बना सकते हैं।